उर्दू में एक किताब छपी हैं 'अजीम पेशीनगोइयां' अर्थात् आश्चर्यजनक भविष्यवाणियां। इस किताब के कवर पर लिखा गया है 'हिन्दोस्तान पर बहुत जल्द मुसलमानों का गलबा (कब्जा) हो जायेगा।' इस पुस्तक के प्रकाशक हैं फज़ल उर रहमान बुक डिपो, सी-१४, दोजानह हाउस, बाजार मटियामहल, दिल्ली ११०००६। इस पुस्तक के लेखक है अब्दुल अनवर राग़िब सल्फी। पुस्तक में लेखक, भारत से हिन्दू धर्म के सफाये तथा सभी हिन्दुओं के मारे जाने और भारत पर फिर से मुसलमानों का कब्जा हो जाने की शाहन्यामतउल्लाह वली रहमतउल्लाह अली की भविष्यवाणी पढ़कर बहुत प्रसन्नता दिखाता है और लिखता है कि ''हिन्दू संस्कृति और हिन्दुओं के समाप्त हो जाने से हिन्दुस्तान पवित्र और साफ हो जायेगा और ऐसा करके अल्लाह मुसलमानों के ऊपर बड़ी कृपा करेगा।'' लेखक की बात मुसलमानों को इतनी पसंद आई कि यह किताब खूब बिकी, क्योंकि इसमें तो लेखक ने मुसलमानों के मन की बात लिख दी थी। तो अब किताब के कुछ अंश

देखें। कठिन उर्दू के शब्दों का अर्थ मैंने हिन्दी में दे दिया है। लेखक ने पुस्तक की भूमिका में लिखा है-

''....अब इसके बाद की चार शेरों (अर्थात दोहों) की पेशीनगोइयों (भविष्यवाणियों) के पूरे होने का वक्त और इन्तज़ार है कि अफ़ग़ानी, ईरानी और बिलोचिस्तानी (अर्थात् पाकिस्तानी) एक साथ होकर ग़ाज़ियानह शान (ग़ाज़ियानह शान का अर्थ है मूर्तियों और मूर्तिपूजकों का सफाया करते हुए) के साथ हिन्दुस्तान को फतेह करेंगे। पंजाब, दिल्ली, कश्मीर, जम्मू और दकिनी इलाके भी फतेह कर लिये जायेंगे। तमाम दुश्मनाने इस्लाम (अर्थात् इस्लाम के दुश्मन सभी काफिर हिन्दू) मारे जायेंगे और पूरा हिन्दोस्तान हिन्दुआनह तहजीब से पाक साफ हो जायेगा। (अर्थात् हिन्दू धर्म और हिन्दुओं को पूरे भारत से समाप्त कर दिये जाने से यह देश पवित्र और साफ हो जायेगा।) और इस तरह अल्लाहताला मुसलमानों पर अपना बड़ा फजल फरमायेगा (अर्थात बड़ी कृपा करेगा)....''आगे इस किताब में लिखा है कि-

''दूसरी तरफ इस पेशीनगोई (भविष्यवाणी) का हम एक और तरह से जायजा लेते हैं, तो कुछ इस तरह की सूरते हाल हमारे सामने आती है कि इब्तदाए इस्लाम (इस्लाम की शुरूआत) के वक्त तक हमारा खाना काबा (मक्का स्थित काबा जहाँ हज होता है) इन बुतपरस्तों (मूर्तिपूजकों) का बहुत बड़ा मन्दिर बना हुआ था। जिनमें यह ३६० बुत (मूर्तियाँ) रखकर पूज रहे थे। लेकिन फतेह मक्का के दिन इसको इन बुतों से पाक कर दिया गया। (अर्थात् मुहम्मद साहब द्वारा मक्का पर विजय पाने के दिन इस खानाकाबा से यह मूर्तियाँ निकाल बाहर कर नष्ट कर दी गयीं।) और यही नहीं आइस्ता-आइस्ता (धीरे-धीरे) पूरा मुल्के अरब, मिश्र, शाम, यमन, बहरीन, ईराक, ईरान और एशिया व अफ्रीका के बड़े हिस्से को हर किस्म की बुतपरस्ती (मूर्तिपूजा) से पाक कर दिया गया। फिर हालात और बदलते गये और अफगानिस्तान और पाकिस्तान से भी बुतपरस्ती (मूर्तिपूजा) व बुतपरस्तों (मूर्तिपूजक हिन्दुओं) का सफाया हो गया और मशरिक (पूरब) में बंगलादेश से भी और आजकल तो कश्मीर से भी समझ लीजिये। नीज पंजाब में भी ऐसी ही कोशिशें जारी हैं।

बस अब एक थोड़े से ख़त्ते (अर्थात् टुकड़े) में बुतपरस्तों की तहज़ीब (अर्थात संस्कृति) बाकी है। जिसके लिए सिर्फ एक झटके की देर है और आलम (अर्थात् संसार) में रोज़ाना ऐसे इनक़लाबात (अर्थात परिवर्तन) बरपा हो रहे हैं, पता नहीं कब वह झटका आ जाये, जिससे कि मुल्के हिन्द (अर्थात भारत) रस्में हिन्दुआनह से पाक हो जाये (अर्थात् हिन्दू तथा हिन्दू धर्म को नष्ट कर दिये जाने से भारत पवित्र हो जाये) और यहाँ का चप्पा चप्पा, दरो दीवार, 'अल्लाहु अकबर, अल्लाहु अकबर' और 'ला इलाह इल्लल्लाह....' के नारों से गूँज उठे।.

अब्दुल अनवर राग़िब सल्फ़ी

२२, सितम्बर, १९९१''

अब आगे पढ़ें कि इस पुस्तक में भारत के बारे में क्या भविष्यवाणियाँ लिखी

हैं। किताब में लिखी यह भविष्यवाणियाँ सन् ७३० में ईरान में जन्मे शाह न्यामतउल्लाह वली रहमतउल्लाह अली द्वारा की गयी थीं, जो फारसी की शेरों (दोहों) में है, जिनका अर्थ पुस्तक में लेखक ने उर्दू में जैसा दिया है वैसा ही देकर, मैंने कठिन वाक्यों का अर्थ हिन्दी में दे दिया है। ध्यान रहे कि शाह न्यामतउल्लाह वली रहमतउल्लाह अली ने हिन्दुस्तान तथा शेष विश्व के बारे में जो भविष्यवाणियाँ आज से १२७० वर्ष पूर्व की थीं, उनमें अधिकांश सही साबित हो चुकी हैं। आगे आने वाले दिनों में निम्नलिखित भविष्यवाणियों के पूरे होने की संभावना है।

नागाह मोमना रासूरे पदीद आयद

बाकाफ़राँ नोमाइन्द जन्गे चोर सतमानह

तर्जुमा (अर्थ) : अचानक मुसलमानों को खुशखबरी मिलेगी और काफ़िरों से एक बहादुराना जंग (अर्थात् वीरतापूर्ण युद्ध) शुरू हो जायेगी।

ग़लबाए कुनन्द हमचूँ मोरो मल्ख़ शबाशब

हत्ता के क़ौम अफ़ग़ाँ बासद फातहानह

तर्जुमा (अर्थ) : रातों रात चीटियों की तरह और टिड्डियों की तरह हमला करेंगे, यहाँ तक कि अफगानी कौम फतेह (विजय) हासिल करेगी।

नोट : चीटियों से मुराद (मतलब) पैदल फौज और टिड्डियों से मुराद (मतलब) हवाई फौज हो सकती है।

यकजा शोन्द अफ़ग़ाँ हम दकनियाँ व ईरान

फ़तेह कन्द एशियाँ कुल हिन्द ग़ाज़ियानह

तर्जुमा (अर्थ) : अफ़गानी, ईरानी और दकनी याने कि बिलोचिस्तानी (अर्थात् पाकिस्तानी) एक हो जायेंगे और यह लोग पूरे हिन्दुस्तान को ग़ाज़ियानह शान से (अर्थात् काफिरों और उनके धर्म जैसे सिख, जैन, बौद्ध, सनातन और पारसी धर्मों को नष्ट करते हुए) फतेह करेंगे (जीत लेंगे)।

पंजाव, शहर दिल्ली, कश्मीर, मुल्के दकन

बाज़ोर शहर जम्मू गैरअन्द ग़ायवानह

तर्जुमा (अर्थ) : पंजाब, दिल्ली, कश्मीर, दकन और जम्मू के शहर को अल्लाह की गैबी (छिपी हुई) मदत से फतेह कर (जीत) लिये जायेंगे।

कुश्ता ए शोंद हम्बलह बदखोआह दीन व इमाँ

ख़ालिक़े नोमाइन्द अकरम अज़ लुत्फ़े ख़ालिक़ानह

तर्जुमा (अर्थ) : दीन और ईमान के तमाम बदखोआह मारे जायेंगे और पूरा हिन्दुस्तान रस्मे हिन्दुआनह से पाक हो जायेगा। अर्थात् मुसलमानों के धर्म इस्लाम के सभी दुश्मन काफिर मारे जायेंगे और इस तरह हिन्दुओं की संस्कृति को नष्ट कर पूरा हिन्दुस्तान पवित्र कर दिया जायेगा।

जानकारी के लिये यह बता दें कि शाह न्यामतउल्लाह वली रहमतउल्लाह अली ने भारत में मोहम्मद गोरी से लेकर इब्राहीम लोदी तक के राज तथा बाद मे लगभग तीन सौ वर्ष मुगलों के राज इसके बाद उनके स्थान पर अंग्रेजों का राज स्थापित होने की भारत के बँटवारे के साथ आजादी की भविष्यवाणी आज से १२७०

साल पूर्व ही कर दी थी। यहाँ तक कि महात्मा गाँधी के बारे में भी भविष्यवाणी इस प्रकार की थी कि झंडा लिये हुए एक आदमी जनेऊ पहनने वाली कौम में पैदा होगा, जिसका जिस्म दुबला होगा और बातें बहादुरी की करेगा। अंग्रेजों से बदला लेने वाले इस बनिये का नाम गाफ (ग) से शुरू होगा, उसके नाम ६ हरफ (अक्षर) होंगे। महात्मा गाँधी का प्रचलित नाम, गाँधी जी था।

नोट : गाँधी को उर्दू लिपि में लिखने पर उसमें छः अक्षर आते हैं।

लेकिन इन भविष्यवाणियों से डरने की जरूरत नहीं है। जातिवाद, भाषावाद और उत्तर-दक्षिणवाद छोड़कर, हरिजनों को हरिजन नहीं केवल अपना हिन्दू भाई समझकर, आपस में एकता करके और ईश्वर के चमत्कारों की आशा छोड़कर, ईश्वर का सदैव ध्यान करते हुये साहस, एकता और वीरता से कर्म करके, तुम आने वाले सभी खतरों और कठिनाइयों को दूर कर सकते हो और यह भविष्यवाणियाँ झूठी कर सकते हो।

वैसे विश्व प्रसिद्ध सर्वश्रेष्ठ फ्रांसीसी भविष्यवक्ता नोस्टरडमस ने आज से लगभग ५५० वर्ष पूर्व अपनी पुस्तक 'सेन्चुरीज' में भविष्यवाणी की है कि महासागर के नाम वाले धर्म का सारे संसार में वर्चस्व स्थापित होगा। (महासागर के नाम पर संसार में केवल एक ही धर्म, हिन्दू धर्म है जो हिन्द महासागर के नाम वाला है) लेकिन सावधान ! यह अपनेआप किसी चमत्कार से नहीं होगा इसके लिये हिन्दुओं को कर्म करना पड़ेगा।

बड़े से बड़े भविष्यवक्ता की सभी भविष्यवाणियाँ सही नहीं होतीं, उनमें से फ्रांसीसी नोस्टरडमस जैसा सर्वश्रेष्ठ भविष्यवक्ता भी शामिल है। कुछ लोग अपने कर्मों द्वारा उनकी भविष्यवाणियाँ बदल देते हैं। याद रखो कर्म के सामने ईश्वर भी झुक जाते हैं, भविष्य की तो बात ही छोड़िये। इस संसार में ईश्वर के बाद कर्म ही सबसे बड़ा शक्ति का स्रोत है। प्रकृति का सारा खेल इसी कर्म पर आधारित है। इस अनन्त ब्रह्माण्ड में अनन्त सूर्य, ग्रह, उपग्रह आदि अपनी गति (कर्म) के कारण ही टिके हैं। परमाणु से लेकर ब्रह्माण्ड तक कर्मशील है। परमपिता परमेश्वर अपनी इस महान अनन्त रचना को कर्मशील करने के लिये खुद भी कर्म करते हैं। गीता में भगवान् कहते हैं कि यदि मैं कर्म न करूँ, तो सब कुछ नष्ट भ्रष्ट हो जाये-

उत्सीदेयुरिमे लोका न कुर्या कर्म चेदहम्।

यही श्रीमद्भगवद्गीता का कर्मयोग है।

अल्लाह के भरोसे बैठने और चमत्कार देखने के बजाय अल्लाह के लिये कर्म करके ही मुट्ठी भर मुसलमान इस देश में करोड़ों हिन्दुओं पर सैकड़ों साल तक शासन करते रहे। लेकिन वह हिन्दू कर्म को भूलकर भाग्य और भगवान् के सहारे बैठकर मरते-कटते तथा लुटते-पिटते रहे।

उदाहरण के लिये बाबर जब रॉणा साँगा के विरुद्ध जिहाद के लिये सीकरी के मैदान में आ डटा, तो उस समय भारतीय ज्योतिष के नामी विद्वान मोहम्मद शरीफ ने भविष्यवाणी की कि बाबर युद्ध हार जायेगा और वास्तव में बाबर सीकरी में युद्ध हार गया। जब उसे इस भविष्यवाणी के बारे में बताया गया, तब वह बोला

इंशाअल्लाह मैं फिर दूने जोश से हमला करूँगा और जीतूँगा। यह युद्ध अल्लाह के लिये है, इस्लाम के लिये जिहाद है। इस जिहाद में तुम सब जीतोगे और ऐश करोगे। लेकिन अगर मारे गये तो, फिरदौस (जन्नत से भी अच्छे स्वर्ग) में जाओगे। इसलिये पूरे जोश के साथ अल्लाह के लिये इन काफिरों को कुचल डालो, अल्लाह तुम्हारे साथ है। इस प्रकार बाबर ने अल्लाह (ईश्वर) का नाम लेते हुए कर्म करके मोहम्मद शरीफ की भविष्यवाणी को उलट दिया। अपनी हार के एक माह बाद १६ मार्च सन् १५२७ को खानवाँ के मैदान में बाबर ने रॉणा साँगा को बुरी तरह पराजित किया। बाबर ने राजपूतों के कटे सिरों का स्तूप (गुम्बद) बनवाकर विजय का जश्न मनाया और गाजी की उपाधि धारण की।

जिहाद करने वाले मुजाहिद को अल्लाह का इनाम

मुसलमानों के धर्म के अनुसार उनको मरने के बाद स्वर्ग में जाने के लिये कब्र में पड़ा रह कर कयामत (प्रलय) का इन्तजार करना पड़ेगा। वह मुसलमान जो काफिर हिन्दुओं के विरुद्ध जिहाद अर्थात् धर्मयुद्ध करेगा, मुजाहिद कहलायेगा। यह मुजाहिद मुसलमान कम से कम एक काफिर हिन्दू को मार कर गाजी बनेगा अथवा उनसे लड़ते हुए मारा जाकर शहीद बन जायेगा। जिसे मरने के बाद कब्र में रहकर कयामत का इन्तजार नहीं करना पड़ेगा वह मरते ही तुरन्त जन्नत से भी बड़े स्वर्ग, जिसका नाम फिरदौस है, में भेजा जायेगा, जहाँ उसे बड़ी-बड़ी आँखों वाली अत्यन्त सुंदर और पवित्र बीवियाँ बड़ी संख्या में प्राप्त होंगी। रहने के लिये बागों और नहरों वाले अत्यन्त सुन्दर बड़े बड़े महल होंगे, जहाँ मनचाहा भोजन सोने के बरतनों में पेश किया जायेगा। इस तरह काफिर हिन्दुओं को मारकर गाजी अथवा शहीद बनकर तुरन्त स्वर्ग जाने की इच्छा लेकर पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सूडान, अलजीरिया व कुछ अरब देशों के मुजाहिद मुसलमान कश्मीर में कारगिल की पहाड़ियों में घुस आये। ये भाड़े के सैनिक नहीं, बल्कि गाजी अथवा शहीद बनने के लिये स्वेक्षा से आये धार्मिक लड़ाके मुसलमान थे। जो कश्मीर में काफिर हिन्दुओं का शिकार करने आज भी दौड़े चले आ रहे हैं। लेकिन इससे बड़ा खतरा भारत में ही पाकिस्तान द्वारा भ्रमित किये जा रहे करोड़ों मुसलमान हैं। जिनके हाथों में लोकतंत्र का सबसे बड़ा हथियार वोट है। जिसके बल पर भविष्य में जब वह चुनाव जीत कर दिल्ली में मुल्लाओं की सरकार बना देंगे, तब क्या होगा ? उस समय यह भारतीय फौज भी उनकी हो जायेगी, तब उनसे कौन मुकाबला करेगा ? कौन बचायेगा तुम सबको, क्या अमेरिका? तो दूसरों के भरोसे अपना बचाव सोंच कर बैठे रहने वाले लोग जरूर पिटते हैं।

अमेरिका, भारत के साथ कब तक ?

पाकिस्तान अथवा अफगानिस्तान अगर ओसामा बिन लादेन को अमेरिका के हाथ सौंप दें अथवा ओसामा बिन लादेन की स्वाभाविक मृत्यु हो जाये तथा इस्लामी आतंकवादी अमेरिका के विरुद्ध कुछ न करें, तो अमेरिका मुस्लिम आतंकवाद की ओर से अपनी आँखें बन्द कर बैठ जायेगा। अमेरिका का भारत प्रेम तभी तक है, जब तक वह मुस्लिम आतंकवादियों की लपेट में है। इसलिये अमेरिका के भरोसे

बैठे रहना ठीक नहीं है।

हिन्दुओं का मूर्खतापूर्ण पलायनवाद

आजकल कुछ पलायनवादी हिन्दू कहते हैं कि हिंसावादी लोग आपस में ही लड़कर मर जायेंगे। कुछ कहते हैं कि उनसे अमेरिका निपट लेगा और कुछ कहते हैं कि लागे सम्बद बीरा, न रहे ईसा न मूसा। इसी तरह गुजरात में सोमनाथ मन्दिर के पुजारियों ने अंधविश्वास फैला रखा था कि मंदिर में मुसलमान सैनिकों के पैर रखते ही, भगवान शिव क्रोध से अपना तीसरा नेत्र खोल देंगे और सारे मुसलमान जलकर भस्म हो जायेंगे। लेकिन सोमनाथ मंदिर पर जब वास्तव में महमूद गजनवी का हमला हुआ, तो मंदिर की सुरक्षा के लिये लगाये गये हजारों हिन्दू सैनिक, इसी अंधविश्वास के कारण मंदिर की रक्षा के लिये लड़ने के स्थान पर अपने-अपने हथियार मंदिर में ही रखकर दीवारों और छतों पर यह देखने के लिये चढ़ गये कि भगवान शिव जब क्रोध से अपना तीसरा नेत्र खोलेंगे, तब मुसलमान सैनिक कैसे तड़प-तड़प कर मरेंगे। इतिहास गवाह है कि विरोध न होने के कारण महमूद गजनवी के आतंकवादी सैनिक तो सुरक्षित रहे। किन्तु अंधविश्वास के नाम पर अकर्मण्यता फैलाने वाले सैकड़ों पुजारियों व तमाशा देखने वाले हजारों हिन्दू सैनिकों को मार-काट कर, संसार के सबसे वैभवशाली मंदिर सोमनाथ को महमूद गजनवी ने मिट्टी में मिला दिया और लगभग ५००००० हिन्दुओं को मार-काटकर सारा शहर सोमनाथ वीरान कर दिया। भाग्य और भगवान् के सहारे बैठे रहने के कारण हिन्दू सदैव इसी तरह खतरों में पड़ते रहे।

जातिवादी हिन्दू आत्महत्या की ओर

इस देश के जातिवादी नेता हिन्दू नौजवानों को जाति के नाम पर लड़ाकर हिन्दू समाज को तोड़ते और कमजोर करते हैं। लेकिन मुसलमानों को धर्म के नाम पर एक जुट रहने को कहकर उन्हें मजबूत करते हैं। यह नेता मुसलमानों को कट्टरता सिखाते हैं, लेकिन हिन्दुओं को धर्मनिरपेक्षता का पाठ पढ़ाते हैं। यह नेता राष्ट्रवादी और शांतिप्रिय मुसलमानों की उपेक्षा कर कट्टर मुल्लावादियों को आगे बढ़ाते हैं। ऐसा करके यह नेता इस देश को तबाह व बरबाद कर देंगे। ऐसा करने वाले हिन्दू अगर सोंचते हों कि वह मुसलमानों के नेता बन गये हैं और मुसलमान उनके कहने पर चलते रहेंगे, तो ऐसे हिन्दू बहुत बड़े धोखे में हैं। क्योंकि कुरआन मज़ीद में पारः १९, सूरः २५ की ५२वीं आयत में मुसलमानों के लिए अल्लाह का आदेश है कि तो तुम काफिरों का कहा न मानो और उनसे इस कुरआन के आदेशानुसार बड़े जोर से लड़ो। (अनुवादक-मौ० फ० मो० खाँ सा० जा०, पेज-५७७)

कुरआन के अनुसार अल्लाह काफिर हिन्दुओं को मुसलमानों पर शासन करने की इजाजत नहीं देता। मुसलमानों के धर्म इस्लाम का प्रथम उद्देश्य भारत जो अभी दारूलहरब अर्थात् काफिर हिन्दुओं के शासन वाला देश है, को दारूलइस्लाम अर्थात् मुसलमानों के शासन वाला देश बनाना है। अपने इस उद्देश्य को पूरा करने के लिये वह योजना बनाकर आगे बढ़ रहे हैं। इसलिये नकली धर्मनिरपेक्षतावादी

और मुसलमानो के हमदर्द यह नेता किसी गलतफहमी में न रहें, झूठे सपने न देखें। क्योंकि जिस दिन मुसलमान खुद चुनाव जीतने की स्थिति में आयेंगे, उस दिन उनका नेता कोई हिन्दू नहीं, मुसलमान ही होगा। चुनाव जीतने तथा देश में राज पाने के बाद मुसलमान संविधान में ऐसा बदलाव करेंगे कि भविष्य में हिन्दू राजसत्ता के नजदीक भी न फटक सकेंगे। इसके लिये चाहे अमरीका विरोध करे या यूरोप उन पर कोई असर नहीं पड़ेगा, यही है कल का सत्य।

दूसरी तरफ जातिवादी हिन्दू नेता और जातिवाद, ऊँचनीच तथा छुआछूत को मानने वाले मूर्ख हिन्दू, आपस में सामाजिक घृणा फैलाकर मुल्लावादी मुसलमानों का यह उद्देश्य जल्दी ही पूरा करा देंगे। हिन्दुओं की इस जातिवादी लड़ाई, ऊँचनीच और छुआछूत से पैदा हुई आपसी फूट का फायदा उठाकर मुसलमान उम्मीदवार भविष्य में आसानी से चुनाव जीतेगें और भारत को मुसलमानी राज्य दारूलइस्लाम में बदलकर अपना धार्मिक उद्देश्य पूरा करेंगे।

ऊँच-नीच और छुआ-छूत, वेद और गीता के विरुद्ध है

हिन्दुओं की यह छुआछूत वेद और गीता के विरुद्ध है। क्योंकि चारो वर्णों की रचना जन्म के आधार पर न होकर, गुण और कर्मों के आधार पर की गई है। गीता में भगवान् कहते हैं कि-

चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः।

लेकिन इन कर्मों का सम्बन्ध जाति से नहीं है। गीता में यह कर्म स्वभाव से उत्पन्न हुये गुणों के अनुसार बाँटे गये हैं।

कर्माणि प्रविभक्तानि स्वभावप्रभवैर्गुणैः।।

अतः छुआछूत जाति से नहीं, व्यक्ति के गन्दे स्वभाव से की जानी चाहिये। इस सत्यता के विरोध में यदि कोई छुआछूतवादी कुतर्क करता है, तो उसकी मूर्खता की तुलना करते हुये मैं एक कहानी दे रहा हूँ। काशी में अपनी पढ़ाई पूरा करने के बाद चार युवक अपने घरों को वापस लौट रहे थे। इन युवकों में तीन विद्वान तो थे पर बुद्धिमान और व्यवहारिक नहीं थे। लेकिन चौथा विद्वान के साथ-साथ बुद्धिमान और व्यवहारिक भी था। चारों युवकों को रास्ते के जंगल में एक जगह शेर की हड्डियों का एक ढाँचा दिखा। जिसे देखकर एक युवक बोला इस शेर को जिन्दा करके हमें अपनी विद्या का प्रयोग करना चाहिये। उसके इस सुझाव पर दूसरे और तीसरे युवक ने हामी भरी। लेकिन चौथे ने जो विद्वान के साथ-साथ बुद्धिमान और व्यवहारिक भी था। कहा कि भैया आप सब यह जानते हुए भी कि यह शेर का ढाँचा है, इसे जिन्दा कर रहे हो। यह जिन्दा होने के बाद हम सबको खा जायेगा। इस पर शेष युवकों ने उसको डाँटकर चुप करा दिया। फिर उनमें से पहला बोला कि मैं अपनी विद्या से इस ढाँचे में इसके आंतरिक अंग, मांस मज्जा आदि को डालूँगा। दूसरे ने कहा मैं उसके ऊपर उसका ऊपरी आवरण खाल, बाल आदि चढ़ा दूँगा। तीसरे ने कहा मैं उसमें रक्त संचार कर प्राण डाल दूँगा। यह सब सुनकर चौथे ने कहा कि ठहर जाओ ! मैं पेड़ पर चढ़ जाऊँ, तब तुम सब अपनी विद्या का प्रयोग करना। ऐसा कहकर वह एक ऊँचे पेड़ पर चढ़

गया। शेष तीनों ने अपने-अपने कहने के अनुसार बारी-बारी से शेर के ढाँचे पर अपनी विद्या का प्रयोग कर उसे जिन्दा कर दिया। शेर जिन्दा होते ही दहाड़ते हुए उन तीनों पर झपट पड़ा और देखते ही देखते तीनों को चीर फाड़ डाला।

इस प्रकार अपनी विद्या का मूर्खतापूर्ण प्रयोग विनाश की ओर भी ले जा सकता है। इसलिये छुआछूत को सही ठहराने वाले लोग सावधान हो जायें। अपने कुतर्कों को बुद्धि और व्यवहारिकता पर हावी न होने दें। ऐसे हिन्दू देखें कि वह किस तरह चारो तरफ से हिंसावादियों द्वारा घेरे जा रहे हैं। ऐसे में आपसी फूट बहुत ही खतरनाक साबित हो सकती है। इसलिये सत्य को मानकर समय के अनुसार अपने में परिवर्तन लायें। आपस में किसी भी प्रकार की फूट हिंसावादियों को हिंसा करने में मदद देकर हिन्दुओं को विनाश की ओर ले जायेगी।

इस्लाम में भाई-चारा केवल मुसलमानों के लिये

मुसलमान खुद तो धर्म के नाम पर एक हैं, लेकिन यदि हिन्दू एकता की कोशिशें करते हैं, तो वे हल्ला मचाते हैं। आखिर ऐसा क्यों ? वास्तव में मुल्लावादी मुसलमान नहीं चाहते कि हिन्दू जाति-पाँति, ऊँच-नीच और छुआछूत छोड़कर एक हों। क्योंकि अगर हिन्दू एक हो जाते हैं, तो मुसलमानों के लिये भारत को मुसलमानी राज्य दारूलइस्लाम बनाना बहुत मुश्किल हो जायेगा। इसीलिये वह हिन्दू एकता व हिन्दू जागरण के किसी भी प्रयास का हर स्तर पर जोरदार विरोध करते हैं और हर उस संगठन का भी विरोध करते हैं, जो हिन्दुओं मे एकता लाना चाहता है। उनके इस विरोध में अधिकांश नकली धर्मनिरपेक्षतावादी (सेक्युलर) नेता भी साथ देते हैं। यह मुल्लावादी मुसलमान हिन्दुओं में फूट डालने के लिये जातिवादी नेताओं का चुनाव में समर्थन करते हैं तथा मनुवाद पर भाषण करते हैं। खतरा देखकर हिन्दू कहीं सतर्क न हो जायें, इसलिये उनको धोखे में रखने के लिये बड़ी चतुराई से कहते हैं कि इस्लाम प्रेम और भाई चारे का धर्म है। लेकिन याद रखो ! इस्लाम में प्रेम और भाई चारा तो है, लेकिन वह केवल मुसलमानों के लिये है, काफिर हिन्दुओं के लिये नहीं।

क्योंकि कुरआन मजीद में पारः ६, सूरः ५ की ५४वीं आयत में है कि- तो खुदा ऐसे लोग पैदा कर देगा, जिन को वह दोस्त रखे और जिसे वे दोस्त रखें। और जो मोमिनो के हक़ में नर्मी करें और काफ़िरों से सख़्ती से पेश आयें, खुदा की राह में जिहाद करें, (अनुवादक-मौ० फ० मो० खाँ सा० जा०, पेज १८३) अर्थात् ऐ मुसलमानो। अल्लाह ऐसे लोगों को पैदा कर देगा, जो मुसलमानो से दया और प्रेम दिखायेंगे। लेकिन काफिरों से कठोरता से पेश आयेंगे और यह लोग इस्लाम धर्म के प्रचार व प्रसार तथा काफिरों को समाप्त करने के लिये जिहाद करेंगे।

पारः २६, सूरः ४८ की २९वीं आयत में है कि मुहम्मद खुदा के पैगम्बर हैं, और जो लोग उनके साथ हैं, वे काफिरों के हक़ में तो सख़्त हैं और आपस में रहम दिल। (अनुवादक-मौ० फ० मो० खाँ सा० जा०, पेज-८१९) अर्थात् ऐ मुसलमानों ! मुहम्मद, अल्लाह के पैगम्बर (सन्देश देने वाले) हैं और जो लोग उनके साथ हैं (जो मुसलमान हैं) वे आपस में तो एक-दूसरे से दयालुता दिखाते हैं, प्रेम करते हैं,

लेकिन काफिरों से कठोरता का व्यवहार करते हैं। कुरआन में अल्लाह के इन्हीं आदेशों से प्रेरणा पाकर अरब, अफगानिस्तान, तुर्की आदि देशों से मुसलमान आकर इस देश के काफिर हिन्दुओं से कठोरता का व्यवहार करते रहे। कुरआन में अल्लाह ने मोमिनों (मुसलमानों) के साथ शान्ति तथा काफिरों के साथ युद्ध का आदेश दिया है। कुरआन में पारः २६, सूरः ४९ की १०वीं आयत में है कि मोमिन तो आपस में भाई-भाई हैं, तो अपने दो भाईयों में सुलह करा दिया करो। (अनुवादक-मौ० फ० मो० खाँ सा० जा०, पेज-८२१)

इसी से समझ लीजिये कि जाति की लड़ाई लड़ने वाले, ऊँच-नीच और छुआछूत को मानने वाले तथा जाति के नाम पर खुश होकर जातिवादी नेताओं का झंडा उठाकर उनकी जय जयकार करने वाले हिन्दू नौजवान, ऐसा करके अपने ही हिन्दू समाज को तोड़कर अपने हाथों अपनी चिता सजा रहे हैं। हिन्दुओं की इस जातिवादी लड़ाई से जातिवादी नेताओं को कुछ समय के लिये जरूर फायदा मिल जायेगा। लेकिन जातिवादी हिन्दू नौजवानों को कुछ नहीं मिलना। हाँ जैसे दो बिल्लियों की लड़ाई में बन्दर रोटी खा गया, उसी तरह हिन्दू नौजवानों की इस जातिवादी लड़ाई का फायदा उठाकर भविष्य में केवल मुसलमान उम्मीदवार ही चुनाव जीतेंगे। फिर भारत को मुसलमानी राष्ट्र दारूलइस्लाम बनाकर, इस संविधान को खतम कर, कुरआन का कानून लागू करेंगे। तब न बचेंगे काफिर हिन्दू, न रहेगी जाति और न रहेंगे जातिवादी नेता।

इसलिये इस देश के सभी हिन्दू नौजवान अपने भविष्य की रक्षा के लिये हमारे साथ मिलकर प्रान्तवाद, भाषावाद, जातिवाद, ऊँच-नीच और छुआछूत छोड़कर, अपने दलित भाइयों को अपना हिन्दू भाई समझकर, उन्हें प्रेम और सम्मान देकर हिन्दू एकता के लिये कार्य करें। बचने का केवल यही एकमात्र रास्ता है।

ध्यान रखो ! भविष्य में मेरे खिलाफ अनेक नेता, लेखक तथा अपने को प्रगतिशील कहने वाले पत्रकार तरह-तरह के तर्क, तरह-तरह के साक्षात्कार, उदाहरण और झूठे तथा अपने खुद के गढ़े जनमत सर्वेक्षण लेकर आगे आ जायेंगे, जो तुमको बहकायेंगे, तुम सबका ध्यान इस खतरे से हटाकर असावधान करेंगे। ऐसे लोग सदैव सच्चाई से आँखें बन्द किये रहते हैं और दूसरों को भी बन्द कर लेने के लिये प्रेरित करते हैं, ऐसे लोगों से होशियार रहना, नहीं तो तबाही और बर्बादी की ओर चले जाओगे।

जब हिन्दुओं के बचने के सभी रास्ते बन्द होंगे

मैंने यह पुस्तक इसलिये नहीं लिखी कि इसे कहानी की तरह पढ़ कर रख दो। खबरदार ! इसको पढ़ने के बाद अगर तुमने जातिवाद और छुआछूत के विरोध में लड़ना शुरू नहीं किया। अगर तुमने आपस में एकता नहीं रखी तथा हरिजनों अर्थात महान हिन्दुओं से प्यार करना, उनको सम्मान देना नहीं सीखा, तो याद रखो ! जब मुल्लावादी मुसलमान, 'नारे तकबीर, अल्लाहु अकबर' के नारे के साथ तुम सब पर टूट पड़ेंगे, उस समय सभी जाति के हिन्दुओं को सर छुपाकर रोने

की जगह भी न मिलेगी। फिर तुम सब यह सोंच कर पछताओगे कि अगर हम सब एकता कर लिये होते, जाति के नाम पर न लड़े होते, तो यह दिन देखने को न मिलता। लेकिन तब इस तरह पछताने से भी तुमको कोई लाभ न मिलेगा, क्योंकि उस समय तुम्हारे बचने के सभी रास्ते बन्द हो चुके होंगे।

आज जहाँ मुसलमान कम हैं, वहाँ रहने वाले हिन्दू यह न सोचें कि खतरा उनके पास नहीं है। आज की लोकसभा में मुसलमानों की संख्या अभी कम है, इससे हिन्दू यह समझने की भूल न कर बैठें कि मुसलमान कुछ नहीं कर सकते। पच्चीस साल बाद जब यह मुसलमान अपनी बढ़ी हुई व चुनाव जीतने लायक आबादी के बल पर अधिकांश जगह आंधी की तरह आगे बढ़ेंगे, तब हम चाहते हुए भी अपना बचाव न कर पायेंगे। इस देश में जैसे ही मुसलमानों का राज होगा, तुम्हारे गाँव या मोहल्ले में यह खतरा आकाश की बिजली की तरह टूट पड़ेगा। इसलिये अभी इसी समय बचने का रास्ता समझ लो तथा मेरी बात मान लो और वही करो जो मैंने इस पुस्तक में लिखा है।

खतरे की जानकारी ही बचाव का प्रथम प्रयास है

मैं किसी समुदाय का विरोध नहीं कर रहा। मैं तो केवल अपने हिन्दू समाज की कमजोरियां व गल्तियां बता रहा हूँ, तर्कयुक्त सच्चाइयाँ बता रहा हूँ। मैं इन्हें बताऊँ अथवा न बताऊँ, तुम इसे जानो अथवा न जानो। भविष्य का यह खतरा हर हालत में तुम सबके सामने आने वाला है। फर्क यह रहेगा कि इसे जान लेने से तुम सब सावधान होकर, अपनी कमजोरियों को दूर कर बच सकते हो। लेकिन न जानने से धोखे में रहकर इस खतरे की लपेट में आसानी से आ जाओगे। मुसलमानो की कुरआन में तो सब लिखा है, जिसे पढ़ कर वह समझ लेंगे कि काफिर हिन्दुओं के साथ कैसा व्यवहार करना है। लेकिन हिन्दू इस खतरे को कैसे जाने ? और जानेंगे नहीं तो उससे बचने का उपाय नहीं करेंगे। इसलिये इस खतरे की जानकारी होना ही बचाव का प्रथम प्रयास है। याद रखो मेरा उद्देश्य इतना है कि किसी भी धर्म के निर्दोष लोग, सताये न जायँ। इस देश में शान्ति रहे। लेकिन शान्ति वहाँ रहती है, जहाँ अत्याचारों और अन्यायों के विरुद्ध एकता होती है। क्योंकि एकता से ताकत आती है और ताकतवर को कोई नहीं सताता।

हिन्दू भ्रम में न पड़ें

आजकल पत्र-पत्रिकाओं और नेताओं के लिये हिन्दू एकता का विरोध करना फैशन बन गया है। यह लोग सोचते हैं कि हिन्दू एकता का विरोध प्रगतिशीलता है, सफलता की कुंजी है, आने वाला इतिहास ही इनसे निपटेगा। यह नेता जनता को बहकाने के लिये कुछ उदाहरण नमक मिर्च लगाकर सुना दिया करते हैं, उन्हीं में से एक है रानी कर्णवती का दिल्ली के बादशाह हुमायूँ को राखी भेजना। यह नेता सुनाते हैं कि चित्तौड़ की रानी कर्णवती ने दिल्ली के बादशाह हुमायूँ को राखी भेजकर अपनी रक्षा की गुहार लगाई और हुमायूँ ने मुसलमान होते हुए अपनी राखी बहन कर्णवती की रक्षा के लिये दौड़ लगा दी। इस कहानी से मुसलमानों में कोई असर नहीं पड़ना, क्योंकि उनको कुरआन बताती है कि हिन्दू से कैसा व्यवहार

करो। वह केवल कुरआन की बात मानते हैं, किस्सा कहानियों की नहीं। हाँ हिन्दू जरूर भ्रम में पड़ जायेंगे, क्योंकि वह किस्सा कहानी सुनने और सुनकर उनको सच मान लेने के आदी हो चुके हैं। तो सुनिये इस राखी का सच्चा पहलू क्या था? इन नेताओं को राखी शब्द क्या मिला मानो धर्मनिरपेक्षता बजाने का नगाड़ा मिल गया। हुआ यह था कि मालवा और गुजरात में राज्य कर रहा बहादुरशाह, दिल्ली के बादशाह हुमायूँ का जानी दुश्मन था। क्योंकि बहादुरशाह ने हुमायूँ के जानी दुश्मनों को अपने राज्य में शरण दे रखी थी। जिनमें प्रमुख थे इब्राहीम लोदी के चाचा आलम खाँ, हुमायूँ की सौतेली बहन मासूमा सुल्तान के पति मोहम्मद जमाँ मिर्जा और हुमायूँ के खून का प्यासा बाबर का बहनोई मीर मोहम्मद मेंहदी ख़्वाजा। बहादुरशाह ने यह सारे के सारे हुमायूँ के दुश्मन अपने पास बैठा रखे थे। इसीलिये बहादुरशाह, हुमायूँ का नम्बर एक का दुश्मन था, जिससे हुमायूँ की जान और राज के जाने का खतरा था। इसीलिये हुमायूँ, बहादुरशाह को समाप्त करना चाहता था, जिसके लिये मौके की तलाश में था। इसी बीच उसे मौका मिल गया। जब बहादुरशाह ने चित्तौड़ पर हमला कर दिया और चित्तौड़ के किले को घेर लिया। रानी कर्णवती ने हुमायूँ को राखी भेजकर सहायता करने की गुहार लगायी। हुमायूँ ने जो पहले से ही बहादुरशाह के लिये घात लगाये था, मौका अच्छा समझा कि बहादुरशाह राजपूतों से उलझा है। ऐसे में अचानक हमला कर दो और दुश्मन को खतम कर दो। इसी इरादे से हुमायूँ चला, न कि कर्णवती की रक्षा के लिये। यही कारण था कि हुमायूँ चल तो दिया था, लेकिन रानी कर्णवती की राखी की लाज बचाने के स्थान पर वह रास्ते में डेरा डाल कर बैठ गया। चित्तौड़ के राँणा ने सन्देश पर सन्देश भेजा, लेकिन हुमायूँ टस से मस नहीं हुआ, मौजमस्ती मनाता रहा। क्योंकि हुमायूँ क्या जाने राखी को, उसे तो मतलब था केवल अपने दुश्मन बहादुरशाह से ? बहादुरशाह ने रानी कर्णवती के चित्तौड़ किले को जीत कर, उसे जी भर कर लूटा। रानी कर्णवती की राखी की लाज मुसलमान घुड़सवारों की टापों के नीचे कुचल गयी। बाद में हुमायूँ ने बहादुरशाह का गुजरात तक पीछा किया।

एक दूसरी राखी भोपाल की रानी कमलावती ने दोस्त मोहम्मद को बाँधी थी कि वह उसकी राखी की लाज रखें और उसके पति के हत्यारे बाड़ी बरेली के राजा का बध करे। दोस्त मोहम्मद ने बाड़ी बरेली के राजा का क़त्ल कर दिया, बदले में रानी ने अपने इस राखी भाई को जागीर और बहुत सा धन दिया। धन और जागीर पाने के बाद और शक्तिशाली हो गये दोस्त मोहम्मद ने भोपाल की रानी और अपनी राखी बहन कमलावती का सफाया कर दिया और पूरे भोपाल राज्य को ही हड़प लिया।

हिन्दू बुद्धिजीवियों और नेताओं को हिन्दू-मुस्लिम एकता, साम्प्रदायिकता और धर्मनिरपेक्षता देखने की बीमारी हो गयी है। ५ अक्टूबर, २००० को टी०वी० के राष्ट्रीय चैनल में साढ़े आठ बजे रात्रि को प्रसारित होने वाले हिन्दी समाचार में बताया गया कि ''दुर्गा जी की मूर्तियाँ बनाने में कुछ मुस्लिम कलाकार भी हैं, जो हिन्दू-मुस्लिम एकता का जीता जागता उदाहरण है।'' लेकिन यह उस कलाकार का

पेशा है, जिसके बदले वह पैसा लेता है। वह यह कार्य हिन्दू-मुस्लिम एकता के लिये नहीं, बल्कि पैसे के लिये करता है। दुर्गा जी की मूर्ति बनाने का मतलब यह तो नहीं है कि वह उस मूर्ति को पूजता है या उनके प्रति भक्तिभाव रखता है। आखिर इन लोगों को बात की बात पर हिन्दू-मुस्लिम एकता तथा धर्मनिरपेक्षता क्यों दिखाई देती है ? इससे मुसलमानों में तो कोई असर नहीं पड़ता। हाँ, सीधा-साधा हिन्दू जरूर भ्रमित होता है।

इसी तरह पूर्व प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को वैदिक गणित इसलिये साम्प्रदायिक लगती है, क्योंकि उसमें वेद शब्द जुड़ा है। कल को उन्हें अपना नाम भी साम्प्रदायिक लगने लगेगा, क्योंकि उसमें विश्वनाथ (शंकर जी) का शब्द जुड़ा है।

कब्र या मजार या दरगाह पूजा धर्म विरुद्ध है

यह नेता मजारों (कब्रों) को भी खूब भुनाते हैं। मुसलमानों की कब्र जिसे मजार अथवा दरगाह कहते हैं, में मुसलमानो से अधिक हिन्दू जाते हैं। जिसके लिये यह नेता प्रचार करते हैं कि यह हिन्दू-मुस्लिम एकता का महान उदाहरण है ? इन मजारों को हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक कहकर हिन्दुओं को उनमें चादर चढ़ाते दिखाया जाता है। लेकिन यह नेता हिन्दू मन्दिरों में मुसलमानों से पूजाकराकर हिन्दू-मुस्लिम एकता का उदाहरण क्यों नहीं पेश कराते ? क्या यह ऐसा कर सकते हैं ? उत्तर केवल एक है कि हरगिज नहीं। फिर यह एकतरफा हिन्दू-मुस्लिम एकता की बात क्यों की जाती है ?

श्री जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गाँधी, इन्दिरा गाँधी, डॉ० राजेन्द्र प्रसाद आदि की समाधि पर उनकी पुण्यतिथि को गीता, कुरआन आदि सभी धर्मों की पुस्तकों का पाठ होता है। लेकिन जाकिर हुसैन, मौलाना आजाद, फखरूद्दीन अली अहमद आदि मुसलिम नेताओं की मजार पर केवल कुरआन का पाठ होता है। वहाँ यह नेता गीता का पाठ क्यों नहीं करवाते, गुरुग्रन्थ साहब का पाठ क्यों नहीं करवाते, क्या धर्मनिरपेक्षता और दूसरे धर्मों की इज्ज़त करने का ठेका केवल हिन्दुओं ने ही ले रखा है ?

अजमेर सहित भारत की अन्य दरगाहों व मज़ारों में हिन्दू दौड़े चले जाते हैं। अपने बच्चों को मस्जिदों में ले जा कर फूँक मरवाते हैं। ऐसे हिन्दू, दरगाहों मजारों और पीर फकीरों और बाबाओं के नाम से थरथर काँपते हैं। हिन्दू जिस धर्म को मानते हैं, वह अपरिभाषित है। इसीलिये संकट के समय ईश्वर हिन्दुओं का साथ नहीं देता, इतिहास गवाह है। हिन्दुओं की यह मज़ारपरस्ती (मज़ार पूजना) हिन्दू-मुस्लिम एकता का नमूना न होकर, उनकी अज्ञानता और मूर्खता है। हिन्दू धर्माचार्यों को उन्हें ऐसा करने से रोकना चाहिये।

खबरदार ! यह मज़ार और बाबा पूजा बन्द करो। उस परमपिता परमेश्वर की पूजा करो, जो सबको देता है। जिसकी मज़ार में तुम जाते हो अथवा अवतार के नाम पर जिस बाबा की तुम पूजा करते हो, उसको परमेश्वर ने ही पैदा किया और परमेश्वर ने ही जब चाहा उसे मार दिया। उसको अपने जिन्दा रहते जो कुछ

भी मिला (वह चाहे सिद्धियाँ ही क्यों न हों) परमेश्वर से ही मिला। अनन्त सूर्यों, अनन्त अनन्त ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने वाला, उन्हें प्रकृति के नियमों में बाँधकर निश्चित गति देने वाला तथा उनका विनाश करने वाला, प्रकाश की गति से अनन्त गुणा गति दे सकने वाला वही परमपिता परमेश्वर ही है। उसकी इस महान अनन्त रचना के सामने, हम क्या ? हमारी पृथ्वी ही लगभग शून्य के समान है। इसलिये जो भी माँगना है उस परमपिता परमेश्वर से ही माँगो। देना अथवा न देना तुम्हारे कर्म और उसकी इच्छा पर निर्भर है। गीता में भगवान् कहते हैं कि भूत प्रेत, मुर्दा (खुला या दफनाया हुआ अर्थात् कब्र अथवा समाधि) को सकामभाव से पूजने वाले स्वयं मरने के बाद भूत प्रेत ही बनते हैं।

यान्ति देवव्रता देवान् पितृन्यान्ति पितृव्रताः।
भूतानि यान्ति भूतेज्या यान्ति मद्याजिनोऽपिमाम्।।

हिन्दुओं की मूर्खता

बहराइच, उ० प्र० में ग़ाजी मियाँ की मजार (कब्र) है, जिसको पूजने देश के कोने-कोने से हिन्दू आते हैं। यह गाजी मियाँ महमूद गजनवी के पुत्र सालार मसूद गॉज़ी थे। महमूद ग़जनवी द्वारा सोमनाथ मन्दिर में भयानक मार काट के बाद मन्दिर से लूटा गया धन इसी सालार मसूद गॉजी की निगरानी में गजनी ले जाया गया था। सन् १०३० में जब महमूद गजनवी की मृत्यु हो गयी, तो सालार मसूद ग़ाजी ग़जनी का बादशाह हुआ। बाद में सन् १०४० में तुर्कों ने ग़जनी को जीत लिया और सालार मसूद गाजी भारत की ओर भागा। उसे अपने इस चरागाह की याद आयी, जिसमें उसने अपने पिता के साथ बिना किसी खास रोक-टोक के लूटपाट, मारकाट की थी। यह याद आते ही सालार मसूद गाजी ने भारत में मारकाट और लूटपाट के साथ प्रवेश किया और बहराइच उ० प्र० तक जा पहुँचा, जहाँ राजा सुहेल देव पासी के हाथों मारा गया। उसके सैनिकों ने उसे यहीं दफन कर दिया। जिसकी कब्र गाजी मियाँ के नाम से मशहूर है। आज उसी ग़ाजी मियाँ को हिन्दू अपना कुल देवता बना कर पूज रहे हैं, जो उन्हीं को काटने चला था। अगर वह जिन्दा होकर उठ सकता, तो अपनी कब्र पूजने वाले काफ़िर हिन्दुओं का सिर धड़ से अलग कर देता। आज ग़ाजीमियाँ की तो हिन्दू धूमधाम से पूजा कर रहा है, जो उन्हें काटनें आया था। लेकिन सालार मसूद ग़ाजी को मारकर हिन्दुओं को कटने से बचाने वाले सुहेलदेव पासी का कोई नाम तक नहीं जानता। तैंतीस करोड़ देवताओं में क्या एक भी ऐसा काबिल देवता नहीं था, जिसे ऐसे मूर्ख हिन्दू अपना कुल देवता बना सकते ? संसार में इससे बड़ी धार्मिक अनुशासनहीनता और मूर्खता का उदाहरण आपको नहीं मिलेगा। इस गाजी पूजा को हिन्दू-मुस्लिम एकता का बेजोड़ उदाहरण बताया जाता है।

आज अगर किसी मन्दिर के पास में कोई मजार है, तो हिन्दू मन्दिर में कम, मजार में अधिक जायेंगे, इसके पीछे आज के हिन्दुओं के धर्म में सच्चाई, त्याग, वीरता, उत्साह और साहस के स्थान पर, स्वार्थ तथा लालच पैदा करने वाली, झूठे चमत्कारों वाली कथाएँ हैं। हिन्दू बचपन से लेकर बूढ़े होने तक

चमत्कारों की झूठी कहानियाँ सुनता रहता है। इसीलिये वह ऐसे ही चमत्कारों को देखने की इच्छा लेकर बाबाओं, कब्रों, मजारों या दरगाहों में भटकता रहता है। जहाँ हाथ की सफाई या चेलों द्वारा किये जा रहे नाटक से प्रभावित होकर ठगा जाता है।

हिन्दुओं की धार्मिक अनुशासनहीनता

आज जब हिन्दू की परिभाषा की बात आती है, तो हिन्दू संगठनों के अगुआ दार्शनिक की सी मुद्राएँ बनाकर कहते हैं कि हिन्दू का अर्थ बड़ा व्यापक है। यह रहन सहन का एक तरीका है, जीवन पद्धति है। यह अनेकों मतों की खिचड़ी है। ऐसे लोग यह कहकर समाज की जिम्मेदारी से भाग लेते हैं। अगर आपने हिन्दू को खिचड़ी बना रखा है, तो उस खिचड़ी की भी एक निश्चित आचार संहिता होनी चाहिये। आज आप श्रीराम अथवा श्रीकृष्ण को मानो तो हिन्दू अथवा उनको पेरियार की तरह झाड़ू से पीटो तो भी हिन्दू। ईश्वर का अस्तित्व मानो तो हिन्दू, नास्तिक रहो तो भी हिन्दू। देवताओं को मानो तो हिन्दू, न मानो अथवा कोई अपना नया देवता गढ़ लो तो भी हिन्दू। हम तैतीस करोड़ देवता पूज कर नहीं छके, तो नये नये देवता और अवतार गढ़ते जा रहे हैं। धर्म के नाम पर ऐसी अनुशासनहीनता और मनमानी संसार के किसी धर्म में नहीं हैं, जैसी आज के हिन्दू धर्म में है। धर्म लोगों को एक निश्चित सीमा में बाँधता है। लेकिन आज के हिन्दू धर्म में कोई सीमा है ही नहीं। धर्म को तो हमने मनोरंजन का साधन बना लिया है। जिसमें समय-समय पर अपनी पसन्द के अनुसार नमक मिर्च मिलाकर अपना जायका बदलते रहते हैं। कुछ लोग इसे धार्मिक उदारता भी कहते हैं। ऐसी उदारता हमारे वैदिक धर्म में नहीं है, यह तो केवल हमारी मनमानी है। आज हिन्दू का मतलब है बेलगाम। लेकिन कुछ हिन्दुओं को इसी पर गर्व है।

जब तक किसी समाज की एक निश्चित आचार संहिता न होगी, उसे एक निश्चित सीमा में नहीं बाँधा जायेगा, तब तक वह समाज़ संगठित और अनुशासित नहीं हो सकता। इसीलिये जहाँ हिन्दू की बात है, वहाँ अनुशासन नाम की कोई चीज नहीं है। यही है हिन्दू समाज की कमजोर नस। इसी कमजोर नस को दबाकर मुट्ठीभर मुसलमान इस देश में एक हजार साल तक राज करते रहे।

हिन्दू कायरता

आज हमारा हिन्दू समाज इतना कायर हो चुका है कि जब हम हिन्दुओं को लगता है कि हमारे साथ अन्याय हो रहा है, तो हम मुकाबला करने के स्थान पर आत्महत्या करते हैं। मंडल कमीशन के विरोध के नाम पर क्या हुआ? हिन्दू नौजवानों ने महान् कायरता और नपुंसकता का प्रदर्शन करते हुये खुद को आग में जलाना (आत्मदाह) शुरू कर दिया। फिर तो आत्मदाह कर अपने को जिंदा जला डालने की हिन्दू नौजवानों में होड़ लग गई। यह सब करके इन हिन्दू नौजवानों ने इतिहास को दोहरा दिया कि इनसे बड़ा नपुंसक, इनसे बड़ा जनाना इस दुनिया में कोई माई का लाल नहीं है। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब हिन्दुओं ने मुकाबला करने के स्थान पर आत्महत्या की हो। झूठी किस्सा कहानी रूपी कायरता

वाली बातें अपनाने के बाद से वह ऐसा ही करते आये। सन् १००० में जब हिन्दू राजा जयपाल महमूद गज़नवी से परास्त हुआ, तो पुनः महमूद से बदला लेने के स्थान पर वह चिता में जिन्दा ही जलकर मर गया। सन् १००३ में जब भेरा के राय को महमूद गजनवी ने हराया, तो पुनः मुकाबला करके बदला लेने के स्थान पर वह भी आत्महत्या करके मर गया। सन् १५२७ में बाबर ने जब चन्देरी पर हमला किया, तो चन्देरी के राजा मेदिनीराय तथा उसके अन्य सहयोगी राजपूतों ने अपनी स्त्रियों व बच्चों को जिन्दा जला दिया और खुद निहत्थे तथा नंगे होकर किले के बाहर दौड़ पड़े, जिससे वह रणक्षेत्र में मरकर स्वर्ग जा सकें। वीरता से युद्ध करने के स्थान पर यह नरक में ले जाने वाली नपुंसकतापूर्ण सामूहिक आत्महत्या ही थी। बाबर को केवल तमाशा देखते-देखते चन्देरी का किला मिल गया। बाबर ने निहत्थे और लड़ने के स्थान पर, दुश्मन के हाथों केवल मर कर स्वर्ग जाने ? की इच्छा रखने वाले उन राजपूतों के सिर धड़ से अलग करवा दिये। काटे गये सिरों को चन्देरी की पहाड़ी पर एक के ऊपर एक रखवाकर इन सिरों का विशाल स्तूप (गुम्बद) बनवाया। इस तरह अपनी विजय का जश्न मनाकर, उनको सड़ने और चील कौवों के खाने के लिये छोड़कर दिल्ली वापस लौट गया। मोहम्मद शहाबुद्दीन गोरी ने सन् ११९२ में पृथ्वीराज चौहान को हराकर बाद में उसकी हत्या कर दी। पृथ्वीराज की मौत का बदला लेने के लिये पृथ्वीराज के छोटे भाई हरिराज ने सेना इकट्ठी की और सन् ११९५ में दिल्ली में हमला कर दिया। मोहम्मद गोरी के सेनापति कुतुबुद्दीन ऐबक ने इस सेना को मार भगाया तथा उसका पीछा करते हुए अजमेर आ गया और अजमेर के किले को घेर लिया। इस किले के अन्दर बैठे हरिराज ने कुतुबुद्दीन का मुकाबला करने के स्थान पर आग लगाकर आत्महत्या कर ली।

आखिर क्या कारण था कि मुट्ठी भर मुसलमानों ने इस देश में आकर प्रलय मचा दी, जब चाहा और जितना चाहा उन्होंने हिन्दुओं को मारा, काटा और लूटा। क्या कारण था कि मुसलमान इस देश में एक हजार साल तक अल्लाहु अकबर के नारे के साथ इस्लामी घोड़े दौड़ाते रहे और इस बीच दो-चार को छोड़कर कोई हिन्दू राजा उनके घोड़ों की लगाम नहीं पकड़ सका। सभी राजा या तो परास्त होकर उनके आधीन हो गये अथवा मारे गये। इसके कारण थे खुद असावधान हिन्दू राजा व हिन्दू प्रजा। जो जाति-पाँति, ऊँच-नीच, छुआछूत में बँटे रहकर झूठे चमत्कारों वाली धार्मिक किस्सा-कहानियाँ सुन-सुनाकर मजा लेते हुए अपने मुँह से अपनी ही प्रशंसा करने और गाल बजाने में मस्त थे। जाति के कारण मैं बड़ा या तू बड़ा की झूठी शान दिखाने के लिये एक दूसरे से सदैव जलते रहे, एक दूसरे को नीचा दिखाने के लिये मुसलमान हमलावरों को मदद देते रहे और उनकी मुखबिरी करते रहे। खतरा आने पर मुकाबला करने के स्थान पर भगवान से बचाने की प्रार्थना करते रहे और चमत्कार होने का इंतजार करते रहे अथवा आत्महत्या करते रहे। जिसका परिणाम हुआ कि एक-एक करके बारी-बारी से सभी हिन्दू राजा पिटते गये।

हिन्दुओं ने अपने को सुधारने के स्थान पर मुसलमानों के लात जूते खाना, सिर उठाने के स्थान पर सिर कटवाना और अपनी बहन-बेटी छिनवाना पसन्द किया। यह सारी कमजोरियाँ हिन्दुओं के बीच आज भी वैसे ही मौजूद हैं, जिन्हें दूर करना प्रत्येक हिन्दू नौजवान का धार्मिक कर्त्तव्य है। क्योंकि भविष्य में यह खतरा उसे ही झेलना पड़ेगा।

कुछ हिन्दू मेरे इस सुधार अभियान से नाक-भौं सिकोड़ेंगे, कहेंगे यह तो मनोबल गिराते हैं, डरवाते हैं और भी तरह-तरह के आरोप हमारे खिलाफ लगाये जायेंगे। लेकिन तुम खुद इस सच्चाई को जो मैंने लिखी है, पढ़ो और समझो कि सही कौन है ? क्या यह डरवाना है या कमजोरियाँ भगाकर वीर, साहसी और संगठित बनाना। अगर यह कमजोरियाँ हिन्दुओं में बनी रहीं, तो वे आने वाले खतरों का मुकाबला कभी भी न कर सकेंगे।

हिन्दू समाज में कायरता की जड़ कहाँ है ?

हिन्दू समाज की कायरता की जड़, आज के हिन्दू समाज में प्रचलित कुछ कुरीतियाँ और मान्यताएँ हैं। आर्यो का वैदिक धर्म, जो विज्ञान व तर्क से पूर्ण है। जो केवल सत्य को लेकर चलने के कारण मनुष्य के जीवन में वीरता, साहस, कर्म करके ही सब कुछ पाने का संकल्प और प्रकृति में सत्य की खोज के प्रति जिज्ञासा पैदा करता था, वह श्रेष्ठ वैदिक धर्म आज हिन्दुओं से दूर हो गया है। धर्म की कसौटी पर केवल वैदिक धर्म ही खरा उतरता है। लेकिन हिन्दू, आज अपने उस श्रेष्ठ वैदिक धर्म से भटक गया है। आज हिन्दुओं का धर्म किस्सा कहानियाँ, ऊँच-नीच और छुआ-छूत हो जाने के कारण हिन्दू कायर हो गया है, जो चमत्कारों की प्रतीक्षा में बैठा रहता है। व्रत आदि तो आत्मशुद्धि के लिये ठीक हैं। लेकिन व्रत के नाम पर गढ़ ली गयी झूठी कहानियाँ कायर और अकर्मण्य बनाती हैं। आज हिन्दुओं को अव्यवहारिक अहिंसा, अतिसहिष्णुता या अतिसहनशीलता, ऊँच-नीच, छुआ-छूत, स्वार्थ, ईर्ष्या, द्वेष आदि कमजोरियों ने जकड़ रखा है। इन्हीं कमजोरियों के कारण हिन्दू समाज उत्साहहीन, डरपोक और असंगठित है। जबकि हमारे पुरखे वैदिक आर्य इस प्रकार की सभी कमजोरियों से अपने को बहुत दूर रखते थे। इसीलिये वह उत्साही, वीर, साहसी और पूर्णसंगठित थे। अपने ऐतिहासिक गौरव को वापस पाने के लिये हिन्दुओं को अपनी यह कमजोरियाँ छोड़नी होंगी।

आज हिन्दू कितने अव्यवहारिक हो चुके हैं, इसका उदाहरण दे रहा हूँ। जब मैं उन्हें कट्टर मुल्लावादी मुसलमानों द्वारा किये गये भीषण अत्याचारों की सच्ची कहानियाँ सुनाता हूँ। भविष्य में इन अत्याचारों से बचाव का रास्ता बताता हूँ। जिससे आने वाले खतरे से धर्म की रक्षा होनी है, हिन्दुओं की रक्षा होनी है, उनकी सन्तानों की रक्षा होनी है, तो सुनने वाले हिन्दुओं को ऐसा लगता है कि जैसे मैं हिंसा की बातें कर रहा हूँ, धर्म की बात नहीं कर रहा। लेकिन अगर मैं चमत्कारों

नहीं समझते ? धर्म का उद्देश्य है सत्य को बताना, न कि झूठी कहानियाँ सुनाना।

राक्षसों के बध वाली देवी-देवताओं की कहानियाँ इसलिये बनायी गयी थीं कि उनसे प्रेरणा पाकर लोग अन्यायियों, अत्याचारियों और राक्षसी प्रवृत्ति के लोगों के विरुद्ध स्वयं उठ खड़े होना अपना धर्म समझें और देवी-देवताओं द्वारा धारण किये गये हथियारों से प्रेरणा पाकर लोग खुद शक्तिशाली बने। लेकिन कुछ कायरों ने इसका अर्थ यह दे दिया कि जब भी अत्याचारी अत्याचार करेंगे, तो तुम्हारी रक्षा के लिये इसी तरह देवी-देवता अपने हथियारों सहित आयेंगे। आज के अधिकांश हिन्दू इसी मान्यता पर विश्वास करते हैं।

इसीलिये कठिनाइयों और खतरों का सामना करने के स्थान पर चमत्कार की प्रतीक्षा में देवी-देवताओं के सहारे बैठे रहते हैं। अतः वे खतरों की तरफ नहीं देखते। खतरा न देखने के कारण वह उससे बचने के लिये संगठन व एकता की जरूरत नहीं समझते। जिस कारण वह अपने शत्रुओं द्वारा आसानी से घेर लिये जाते हैं। हिन्दू लोग धार्मिक कट्टरता का मुकाबला, धर्मनिरपेक्षता से करना चाहते हैं। छल और कपट का मुकाबला, नैतिकता से करना चाहते हैं। हिंसा का मुकाबला अहिंसा से और घृणा का मुकाबला प्रेम से करना चाहते हैं। यह सुनने में जितना ही अच्छा है, इसका परिणाम उतना ही बुरा है। इस प्रकार के मुकाबले से हिंसा, घृणा, छल-कपट और धार्मिक कट्टरता फैलाने वालों को मदत ही मिलती है। इससे उनका काम आसान हो जाता है। यह मुकाबला गीता के सिद्धान्तों के विरुद्ध है। हिन्दुओं की यह आदतें उनके श्रेष्ठ वैदिक धर्म के बिल्कुल विपरीत हैं। अतः हिन्दुओं को अपनी इन आदतों से छुटकारा पा लेना चाहिये।

संसार में हिन्दू, वीरता और साहस के सभी कीर्तिमान तोड़ सकते हैं

प्राचीन काल में सभी वैदिक आर्य हिन्दू संसार के श्रेष्ठ साहसी योद्धा थे। वीरता और साहस उनका स्वाभाविक गुण था। यह स्वाभाविक गुण उनको अपने श्रेष्ठ वैदिक धर्म से मिला था। ऋग्वेद और श्रीमद्भगवद्गीता से प्रेरणा व आदेश प्राप्त कर, वह कर्म से अपना भाग्य बनाते थे। उनमें जाति प्रथा नहीं थी। वर्ण व्यवस्था कर्म के अनुसार थी, कर्म के अनुसार वर्ण बदला भी जा सकता था। लेकिन उनमें छुआछूत नहीं थी, केवल मन और शरीर की शुद्धता पर ध्यान दिया जाता था। आपस में पूजा-पाठ और सामूहिक भोज में बिना किसी भेदभाव के सभी वर्ण के लोग सम्मिलित होते थे। इसीलिये उनमें ईर्ष्या, द्वेष आदि नहीं था। आपस में वे पूरी तरह संगठित थे। अन्यायियों, अत्याचारियों और खतरों के विरुद्ध वे संगठित और सतर्क थे तथा उनको क्रूरता से कुचल देते थे। भय, अकर्मण्यता और कायरता को वह पास नहीं फटकने देते थे। उन्हीं श्रेष्ठ आर्यों का रक्त (खून) आज के सभी हिन्दुओं में बह रहा है। जिसका स्पष्ट प्रभाव हमारी अनुशासित सेना के सिपाहियों में वीरता और साहस के रूप में देखा जा सकता है। संसार में आज

वीरता और साहस के झंडे गाड़ सकते हैं। लेकिन दुःख है कि ऐसे गौरवशाली इतिहास वाले भारत के हिन्दू समाज ने आज कायरता के सभी कीर्तिमान ध्वस्त कर रखे हैं।

हिन्दुओं की अदूरदर्शिता

हिन्दू सबसे पहले पाण्डेय, शुक्ला, पटेल, यादव, जाट, जाटव, रेड्डी, बनर्जी, चटर्जी आदि है और बाद में हिन्दू। पहले अगड़ा, पिछड़ा, दलित हैं, बाद में हिन्दू। पहले उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, बंगाली, बिहारी आदि हैं, बाद में हिन्दू, अर्थात दुनियाँ भर के मतभेद पहले हैं, बाद में हिन्दू। लेकिन मुसलमान पहले मुसलमान हैं, बाद में शेख, सैय्यद, पठान, जुलाहा। पहले मुसलमान हैं फिर भारतीय, पाकिस्तानी, ईरानी, ईराकी, सूडानी, अरबी आदि। इसीलिये मुसलमानो पर जब खतरा आता है, तो तुरन्त सारी दुनिया के मुसलमान एक होकर एक स्वर में चिल्लाने लगते हैं। वह आपस में मुसलमान-मुसलमान चाहे कहीं भले लड़ रहे हैं, लेकिन इस्लाम खतरे में है का नारा लगते ही सभी तुरन्त एक हो जाते हैं।

कुछ हिन्दू यह सोचकर ही प्रसन्न हो जाते हैं कि दुनियाँ में मुसलमान आपस में लड़ मर रहा है। करॉंची (पाकिस्तान) में मुहाजिर (शरणार्थी) मुसलमानों की लड़ाई में रोज दस-बीस मुसलमान मरते हैं। उनको मेरा जवाब हैं कि करॉंची पाकिस्तान का केवल एक शहर है और दुनियाँ में ५३ मुसलमानी देश हैं। दुनियाँ की दूसरे नम्बर की मुसलमानों की आबादी (ईसाइयों का पहला नम्बर है) में प्रतिदिन सौ-पचास लोगों का लड़कर मरना कोई माने नहीं रखता। फिर दुनियाँ की बात छोड़िये कि वहाँ क्या हो रहा है ? भारत से पाकिस्तान गये मुहाजिर मुसलमानों को वहाँ भले ही दबाया जा रहा हो, पर आपके देश में मुसलमान, हिन्दुओं के खिलाफ एक जुट हैं। वह आपस में चाहे जैसें हैं, शिया हैं या सुन्नी, लेकिन तुम्हारे खिलाफ एक हैं। चाहे युद्ध का मैदान हो या क्रिकेट और हाकी का, पाकिस्तानवादी भारतीय मुसलमान पाकिस्तान का ही पक्ष लेते हैं। कारगिल युद्ध के समय विश्व कप क्रिकेट में भारत ने पाकिस्तान को हरा दिया। भारत की इस जीत से उत्साहित व कारगिल में शहीद हो रहे भारतीय सैनिकों को देखकर क्रोधित हिन्दू नौजवानों ने अलीगढ़ (उ० प्र०) में जब पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये, तो पाकिस्तानी टीम की हार से बौखलाये पाकिस्तानवादी मुसलमानो ने हिन्दुओं के ऊपर ईंट पत्थर व गोलियाँ चलाकर दंगा करने की कोशिश की।

कुछ हिन्दू यह कह देंगे कि इतिहास की बात छोड़िये, अब तो हमने पाकिस्तान को पटकनी लगा दी, युद्ध में हरा दिया। ऐसा कहने वाले तब क्या करेंगे जब मुसलमान अपनी एकता और तेजी से बढ़ रही आबादी के बल पर चुनाव जीत कर भारत का राज पा जायेंगे, तब यह भारतीय सेना मुसलमानो के अधीन होगी। उस समय सत्ता में बैठे मुसलमान पूरा प्रयत्न करेंगे कि हिन्दू हथियार विहीन हो जायें। इसके लिये फौज और पुलिस से हिन्दू निकाल बाहर किये जायेंगे। जो लोग इसके बाद भी कहेंगे कि मुसलमान राज पायेंगे ही नहीं, वे महामूर्ख हैं, उन्हें समझाया नहीं जा सकता।

मैं इतने तर्क और उदाहरणों को देकर इसलिये समझा रहा हूँ कि कहीं तुम भी इन सोने वालों के साथ सो न जाओ। याद रखो और सदैव याद रखो, जो व्यक्ति हर समय अपनी कमजोरियों को ढूँढ़ता रहता है और उन्हें दूर करता है, वह कभी असफल नहीं होता। लेकिन हिन्दुओं ने यही नहीं किया। वह अपनी कमजोरियों को न देखना चाहते हैं और न ही सुनना चाहते हैं। इसीलिये वह लगातार सैकड़ों साल तक मुसलमान हमलावरों से हारते रहे, पिटते रहे और अपमानित होते रहे।

हिन्दुओं की आरक्षण की लड़ाई से कट्टर मुसलमान खुश

आज आरक्षण के नाम पर हिन्दुओं की आपसी लड़ाई से या तो इस देश के जातिवादी नेता खुश हैं अथवा मुसलमान खुश है, जो चाहते ही हैं कि हिन्दुओं में अधिक से अधिक फूट पड़ जाये, जिससे मुसलमान अपनी एकता के बल पर जल्दी से जल्दी भारत का राज हथिया सकें। जरा देखिये दलित हिन्दुओं (हरिजनों) को आरक्षण मिले इतने साल हो गये, फिर भी देहातों तथा शहरों के हिन्दू अपने अगल बगल देखें, तो पता चलेगा कि अधिकांश दलित वही झाड़ू लगाते, मजदूरी करते अथवा जूता चप्पल गाँठते ही नजर आयेंगे। इन नेताओं के पास नौकरी है ही नहीं, इसीलिये इन्होंने चालाकी से कुछ जातियों को दलित तथा कुछ को पिछड़ा के नाम पर आरक्षण का झुनझुना पकड़ा दिया।

आरक्षण पाने वाले नौजवानो ! तुमको आरक्षण ही मिला है, नौकरी पाने की गारण्टी नहीं मिल गयी। फिर भी तुम मतवाले होकर, आरक्षण देने वाले नेताओं की जय-जयकार करके, आरक्षण न पाने वालों से लड़ने और मरने-मारने पर उतारू हो। इन नेताओं ने इसीलिये आरक्षण का टुकड़ा फेंका था कि तुम आपस में लड़ो और यह तुमको भड़का कर, तुम्हारा उपयोग कर अपनी कुर्सी को पक्की रखें। याद रखो ! जाति अथवा आरक्षण के नाम पर हिन्दुओं की इस फूट से फायदा उठा कर जब भविष्य में मुसलमान उम्मीदवार चुनाव जीतकर इस देश का राज हथियायेंगे, तो यह आरक्षण मिलना तो दूर, हिन्दुओं के पास जो नौकरियाँ हैं, वह भी उनसे छीन ली जायेंगी। वे गुलामों की तरह केवल चपरासी, झाड़ू लगाने, सफाई करने आदि की नौकरी करते ही दिखाई देंगे। इसलिये बन्द करो, आरक्षण पर प्रसन्न होने या दुःखी होने का यह मूर्खतापूर्ण नाटक।

दूसरी तरफ मुसलमानों ने नौकरी के पीछे भागने के स्थान पर कारीगरी का काम अपना लिया है। वह उन चीजों को सुधारते व बनाते हैं, जिनके बिना आपका काम नहीं चल सकता। इसीलिये चाहे वह १० बच्चे पैदा करें या १५, उन्हें कोई चिन्ता नहीं रहती। बच्चा पाँच साल का हुआ कि हथौड़ी पकड़ा दो, काम सीखने लगा। इस तरह उनका रोजगार ऐसा है कि काम करवाने के लिये या सामान के लिये आप उनको पैसा लेकर ढूढ़ते फिरेंगे। इससे एक बात और है, नौकरी पेशा हिन्दू झगड़ा-लड़ाई से डरते हैं कि पुलिस के लफड़े से उसकी नौकरी न चली जाये। लेकिन मुसलमान दंगा करने या झगड़ा करने में पकड़ा गया, तो छूटते ही

फिर हथौड़ी लेकर बैठा नहीं कि आप उसके पास काम के लिये दौड़े चले आयेंगे।

आरक्षण के नाम पर खुश होने या आरक्षण का विरोध करने वालो! तथा आज के इन जातिवादी और अवसरवादी नेताओं का साथ देकर अपने को मुल्लावादी मुसलमानों की गुलामी में जकड़ देने के लिये कमर कस चुके, ऐ नादान हिन्दू नौजवानों ! ठहरो ! कहाँ जा रहे हो ? तुम्हारी इस स्वार्थ की लड़ाई से व इन जातिवादी नेताओं का साथ देने से तुम्हारा ही नहीं, पूरे हिन्दू समाज का सर्वनाश हो जायेगा।

जब हिन्दू कलेक्टर, एस०पी० निकाल बाहर किये जायेंगे

पहले मैं अधिकतर मुस्लिमों के बीचे विभिन्न विषयों पर चर्चा किया करता था। क्योंकि इससे बड़े काम की बाँतें मालूम होती थीं। ऐसी ही एक चर्चा में उन्होंने एक बार मुझसे कहा कि ''हम लोग १०-१५ बच्चे पैदा करके उनको कारीगर बनायेंगे और आप हिन्दू, दो बच्चे पैदा कर कलक्टर, एस० पी बनाओ। फिर जब हम अपनी आबादी बढ़ाकर चुनाव जीत कर राज पायेंगे, तो तुम्हारे कलक्टर, एस० पी० को कान पकड़कर निकाल बाहर करेंगे और उनकी कमाई गयी दौलत व मकान पर भी कब्जा करेंगे। अगर आप सोंचते हों कि आप कानून का सहारा लोगे, तो मुसलमानो के राज में हिन्दुओं का बनाया कानून नहीं चलेगा। इस्लाम स्वयं में एक कानून है, संविधान है।''

इस देश में सारी खुराफात की जड़ नेहरू और उनकी कांग्रेस

नकली धर्मनिरपेक्षतावादी पार्टी कांग्रेस के नेता कहते हैं कि यदि हिन्दू ने एकता की, तो मुसलमान इस देश के टुकड़े-टुकड़े कर देंगे। लेकिन इसकी नौबत लाने का जिम्मेदार कौन है ? सन् १९४७ में भारत का बँटवारा धर्म के आधार पर हुआ और मुसलमानों के लिए अलग देश पाकिस्तान बना। इसीलिए सरदार पटेल और डा० भीमराव अम्बेडकर चाहते थे कि आबादी का भी बँटवारा हो अर्थात् सभी मुसलमान पाकिस्तान जायें और हिन्दू भारत आयें। पाकिस्तान बनाने वाले मोहम्मद अली जिन्ना भी इसके लिए तैयार थे। इस तरह सन् ११९२ में मोहम्मद शहाबुद्दीन गोरी द्वारा पृथ्वीराज चौहान से इस देश की राजसत्ता हथियाए जाने के पूरे ७५५ वर्षों बाद इस देश को मुस्लिम आतंकवाद से सदा के लिए छुटकारा पाने का सुनहरा अवसर मिला। लेकिन इस सुनहरे अवसर को श्री जवाहरलाल नेहरू ने अपनी धर्मनिरपेक्षता की गलत नीति के कारण खो दिया। मुसलमानों ने अपने लिए अलग देश पाकिस्तान ले लिया, तो फिर मुसलमानों को यहाँ क्यों रहने दिया गया। 'हँसकर लिया है पाकिस्तान, लड़कर लेंगे हिन्दुस्तान' का नारा लगाने वाले मुसलमानों को भारत में रहने देकर, श्री जवाहरलाल नेहरू ने हिन्दू और मुसलमानों के बीच झगड़े का बीज सदैव के लिये बो दिया। भारत में रह गये इन मुसलमानों ने दर्जन-दर्जन भर बच्चे पैदा करके अपनी आबादी इतनी बढ़ायी कि आज भारत, दुनियाँ में मुसलमानों की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन चुका है।

भारत के बँटवारे के बाद शेष भारत के भी इस्लामीकरण की एक निश्चित योजना के तहत कट्टरतम मुसलमान पाकिस्तान न जाकर नेहरू और उनकी

कांग्रेस के सहयोग से भारत में ही रुक गये। कितनी बेतुकी बात है कि मुसलमानों ने भारत का बँटवारा करवाकर अपने लिये पाकिस्तान के रूप में अलग देश बना लिया। फिर भी भारत आज दुनियाँ में मुसलमानों की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया। जिसका परिणाम आज नहीं तो कल इस देश को भुगतना पड़ेगा। कांग्रेस और इस देश के तमाम नकली धर्मनिरपेक्षतावादी नेताओं को इसका जवाब देना पड़ेगा।

सन् १९४७ में पाकिस्तानी कबायली मुसलमानों के द्वारा कब्जा कर लिये गये कश्मीर को भारतीय सैनिक अपनी जान पर खेलकर तेजी से वापस लेते जा रहे थे कि अचानक श्री जवाहरलाल नेहरू को शान्ति की सनक सवार हुई और उन्होंने एकतरफा युद्ध बन्द करवा कर तेजी से आगे बढ़ रही भारतीय सेना के पाँव रोक दिये। इस तरह कश्मीर की ८३२९४ वर्ग किलोमीटर भूमि पाकिस्तान ने हड़प ली। श्री नेहरू तथा उनकी कांग्रेस ने धारा ३७० में कश्मीर के लिये शेष भारत से अलग कानून बनवाकर कश्मीरी मुसलमानों के मन में अलगाववाद की भावना बढ़ाकर, उनके हौसले बुलन्द कर दिये। इसी कानून के कारण शेष भारत के हिन्दू, कश्मीर में जमीन खरीद कर बस नहीं सकते। जो वहाँ पहले से थे, वह भी मार भगाये जा रहे हैं। आज कश्मीर में मुस्लिम आतंकवाद कांग्रेस की देन है।

पाकिस्तान बना लेने और वहाँ हिन्दुओं का कत्लेआम करने के बाद भी भारत में रह गये मुसलमानों के हौसले श्री नेहरू ने इतने बढ़ाये कि जिस बन्देमातरम् का घोष करते हुये शहीद भगतसिंह और चन्द्रशेखर आजाद जैसे सभी क्रान्तिकारियों ने मातृभूमि के लिये मौत को गले लगाया। मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसे अत्यन्त कट्टर किन्तु बेहद चालाक मुसलमान नेता के नेतृत्व में मुसलमानों ने उसी बन्देमातरम् को राष्ट्रगान बनाने का जोरदार विरोध इस आधार पर किया कि बन्देमातरम् इस्लाम के विरुद्ध है। इन कट्टर मुसलमानों को खुश करने के लिये बन्देमातरम् को नेहरू की कांग्रेसी सरकार ने उठाकर कूड़ेदान में फेंक दिया और ब्रिटेन के सम्राट जार्ज पंचम के भारत आगमन पर उनके स्वागत में बनाये गये स्वागतगान जन गण मन.... को ही राष्ट्रगान के रूप में स्वीकार कर लिया।

पाकिस्तानवादी पार्टी मुस्लिम लीग के गढ़ अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के ९० प्रतिशत से अधिक मुस्लिम छात्र भारत के बँटवारे के बाद पाकिस्तान चले गये थे। इसके बाद यह विश्वविद्यालय, मुस्लिम विश्वविद्यालय बने रहने का हकदार नहीं था। लेकिन श्री नेहरू के शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद ने विशेष रूचि दिखाकर उसको मुस्लिम विश्वविद्यालय बना रहने दिया। जो आज मुल्लावादी मुसलमानों और स्टूडेन्ट्स इस्लामिक मूवमेन्ट ऑफ इंडिया (भारतीय तालिबानों) का गढ़ बना हुआ है। इन्हीं मौलाना आजाद ने भारत के बँटवारे का विरोध किया था। इस कारण श्री नेहरू ने उन्हें महान् राष्ट्रवादी घोषित कर रखा था। जबकि मौलाना आजाद ने भारत के बँटवारे का विरोध अपने कट्टर मुल्लावाद के कारण किया था। मौलाना आजाद ने स्वयं अपनी पुस्तक 'इंडिया विन्स फ्रीडम' में इसकी

चर्चा की है। मौलाना आजाद पाकिस्तान के बनने का विरोध इस आधार पर कर रहे थे कि इससे मुस्लिम आबादी पाकिस्तान और भारत में बँट जायेगी। बड़े हिस्से भारत में मुस्लिम बहुत कम रह जायेंगे, इस तरह भारत को मुस्लिम राष्ट्र बनाने में समय लगेगा। लेकिन अगर बँटवारा न होता, तो कुछ दिनों बाद ही मुसलमानों की आबादी इतनी बढ़ जाती कि मुसलमान चुनाव जीत कर अखण्ड भारत को ही मुस्लिम राष्ट्र बना देते। ऐसे विचारों वाले अरब में पढ़े लिखे कट्टर मुल्लावादी मौलाना अबुल कलाम आजाद को श्री नेहरू ने भारत का शिक्षा मंत्री बना रखा था।

श्री जवाहरलाल नेहरू के अव्यवहारिक शान्तिवादी ढोंग के कारण ही चीन ने सन् १९६२ में भारत की ३७५५५ वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया। सन् १९६५ व सन् १९७१ के भारत पाकिस्तान युद्ध में हजारों भारतीय सैनिकों ने अपनी जान देकर पाकिस्तान की जमीन कब्जा की, लेकिन पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर को वापस लिये बिना ही ताशकंद और शिमला समझौता करके यह जमीन और बंगलादेश में बन्दी बनाये गये ९३ हजार पाकिस्तानी सैनिक पाकिस्तान को लौटा कर मातृ-भूमि पर मर मिट जाने वाले हजारों भारतीय सैनिकों के साथ विश्वासघात करने का काला कारनामा इसी कांग्रेस सरकार ने किया। गुरु तेगबहादुर व गुरु गोविन्दसिंह को हिन्दुओं की रक्षा के लिये अपने बच्चों सहित बलिदान होना पड़ा। लेकिन इसी कांग्रेस ने पूरे भारत में सिख विरोधी दंगे करवा डाले और पंजाब को जलने के लिये छोड़ दिया। आरक्षण के नाम पर दलितों का शोषण किया। आज इस देश में जो भी समस्या है अथवा खुराफात हो रही है, उसका बीज श्री जवाहरलाल नेहरू, उनके परिवार और उनकी कांग्रेस ने ही बोया था। फिर भी कांग्रेसी पाक और साफ बन रहे हैं।

कांग्रेस आज भी पाकिस्तानपरस्त मुल्लावादी मुसलमानों और स्टूडेन्ट्स इस्लामिक मूवमेन्ट ऑफ इंडिया (सिमी) आदि हिन्दू विरोधियों को खुला समर्थन देती है। लेकिन कश्मीर में हिन्दुओं की हत्याओं पर चुप्पी साधे रहती है।

इस देश के साथ खिलवाड़ करने वाली ऐसी कांग्रेस वा श्री जवाहरलाल नेहरू के परिवार को हिन्दुओं ने अपना भाग्य विधाता मान रखा है। नेताओं द्वारा देश का फिर से बँटवारा की बात करना, हिन्दुओं को ही नहीं खुद अपने को भी धोखा देना है। मुसलमान अब इस देश का बँटवारा नहीं करेंगे, बल्कि अपनी आबादी बढ़ा कर अपनी एकता से चुनाव जीत कर इस पूरे देश को ही मुसलमानी राज्य दारूलइस्लाम में बदलने का जोरदार किन्तु सुनियोजित प्रयास कर रहें हैं।

यदि डा० भीमराव अम्बेडकर अथवा सरदार पटेल प्रधानमंत्री होते

अगर डा० भीमराव अम्बेडकर अथवा सरदार पटेल इस देश के प्रधानमंत्री बने होते, तो आज हमें इस पुस्तक को लिखने की अथवा 'भारत बचाओ मंच' बनाने की आवश्यकता न पड़ती। क्योंकि वे दोनों बहुत ही दूरदर्शी नेता थे। कट्टरवादी मुसलमानों की मानसिकता व इस्लाम के उद्देश्यों को वे बहुत अच्छी तरह जानते थे। इस बारे में उन्हें जरा भी भ्रम नहीं था। ये दोनों नेता चाहते थे

कि भारत के बँटवारे के साथ आबादी का भी बँटवारा हो। अर्थात् सभी मुसलमान पाकिस्तान जायें और सभी हिन्दू भारत आयें। क्योंकि उनका स्पष्ट मानना था कि मुस्लिम देश पाकिस्तान में हिन्दू सुरक्षित नहीं रह सकते। लेकिन श्रीजवाहरलाल नेहरू ने उनकी बात नहीं मानी। बाद में डॉ० अम्बेडकर और सरदार पटेल की बात सही साबित हुई, जब पाकिस्तान में हिन्दू बूरी तरह लूटे-मारे-काटे गये। ये दोनों नेता जानते थे कि हिन्दू और मुसलमानों का एक साथ रहना सम्भव नहीं है। क्योंकि मुसलमानों के आचार-विचार हिन्दुओं के ठीक विपरीत हैं।

यदि अखण्ड भारत होता, तो भारत आज मुस्लिम राष्ट्र होता

एक बार मैं इलाहाबाद के नूरउल्ला रोड पर कुछ मुसलमान युवकों के साथ बैठा था। उन्होंने बाबरी मस्जिद का प्रसंग उठाया और उसी प्रसंग में कहा कि ''मोहम्मद अली जिन्ना ने हमारे हाथ पैर काट दिये, नहीं तो आज इस देश का नक्शा ही दूसरा होता।'' यह बात सुनकर मैं चौंका। मैंने पूँछा कायदे आजम मोहम्मद अली जिन्ना ने ऐसा क्या किया था ? वह बोले ''मोहम्मद अली जिन्ना ने पाकिस्तान बनवा कर अखण्ड भारत के मुसलमान बाँट दिये। आप जोड़िये बीस करोड़ मुसलमान यहाँ हैं, चौदह करोड़ पाकिस्तान में, तेरह करोड़ बँगला देश में, जोड़िये कितने हुये ? कुल ४७ करोड़ और इस अखण्ड भारत की आबादी होती लगभग १२७ करोड़, जिसमें हम होते ४७ करोड़, अर्थात् लगभग ३७ प्रतिशत (१०० में ३७) २ करोड़ ईसाई और ७८ करोड़ हिन्दू। इस तरह चुनाव में ४७ करोड़ मुसलमानों का मुकाबला ७८ करोड़ हिन्दुओं से होता, तो हम एक होते। लेकिन हिन्दुओं का वोट जाति के नाम पर हर हालत में बँटता और इस मुल्क में आज हमारा राज होता। भारत के बँटवारे की जो गल्ती हम लोगों से एक बार हो गयी, वह अब हम दोबारा नहीं करने वाले। आज जो नेता कह रहें हैं कि मुसलमान देश का बँटवारा करेंगे, देश के टुकड़े कर देंगे, यह केवल हिन्दू ही कह रहे हैं। मुसलमानों ने कभी नहीं कहा कि हम देश का बँटवारा कर देंगे। क्योंकि हम मोहम्मद अली जिन्ना की तरह यह गल्ती नहीं करेंगे। यह देश हमारा है, किसी समय हम सब इसमें राज करते थे। हम तो इसी देश में रहकर, चुनाव जीतकर, इन्शाअल्लाह पूरे देश में फिर से हुकूमत (राज) करेंगे।'' इस पर मैंने कहा कि जब सारे मुसलमान एक हो जायेंगे, तो जवाब में हिन्दू भी एक हो जायेंगे, तब ४७ करोड़ मुसलमान, ७८ करोड़ हिन्दुओं से चुनाव कैसे जीतेंगे ? इस पर वह हँसने लगे और कहा कि ''इतिहास में एक हजार साल तक लात-जूता खाने के बाद भी हिन्दू, मुट्ठी भर मुसलमानों के विरुद्ध एक न होकर, आपस में ही एक दूसरे को नीचा दिखाते रहे। मानसिंह जैसे लोग उल्टा मुसलमानों का ही साथ देते रहे, तो तुम हिन्दू लोग अब कैसे एक हो जाओगे ? अल्लाह का शुक्र है कि उसने तुम हिन्दुओं को न तब एक होने दिया था और न अब एक होने देगा। अल्लाह की यही मर्जी है।'' फिर हमने उनसे पूछा कि तुम्हारी आबादी यहाँ बीस करोड़ कहाँ है ?

वह ज्यादा से ज्यादा १५ करोड़ होगी, तो उन्होंने तुरन्त उत्तर दिया कि ''तुम लोग हमारी आबादी १५ करोड़ की जगह ८ करोड़ समझे रहो, तो ज्यादा अच्छा है।'' मैंने कहा बात मेरी समझ में नहीं आ रही है। इस पर उन्होंने कहा ''नहीं समझो तो अच्छा है।'' यह बात कि तुम १५ करोड़ की जगह ८ करोड़ ही समझो, तो ज्यादा अच्छा है। मेरे दिमाग में घूमती रही। अचानक इसकी पहेली मेरी समझ में आ गयी। मुझे याद आया कि एक बार एक मुसलमान ने बताया था कि ''जब मर्दुम शुमारी (जनगणना) होती है, तब हम लोग मर्दुम शुमारी करने वालों को अपने सभी बच्चे नहीं बताते। अगर ८ होंगे तो ४ लिखायेंगे। क्योंकि जम्हूरियत (लोकतंत्र) का हथियार हमारी आबादी है। जम्हूरियत में हमारे पास जितने वोटर होंगे, हम उतने ही कामयाब (सफल) होंगे। हमारी यह आबादी ही हमारा हथियार है और हथियार छुपा हुआ अच्छा होता है, जो मौके पर निकाला जाता है। इसलिये जब हमारा लड़का वोट डालने लायक होगा, तो हम उसे वोटरलिस्ट में जरूर लिखायेंगे। लेकिन मर्दुम शुमारी में हम अपने बच्चों को कम बतायेंगे, ताकि सरकार और हिन्दू चौंक न पड़े कि हम इतने अधिक हो गये।'' नूरउल्ला रोड में ये सब बातें सुन कर मैं दंग रह गया और मुझे हिन्दू संगठनों की वह मूर्खता याद आयी कि यदि अखण्ड भारत होता, तो कितने गर्व की बात होती। जबकि वास्तव में वह गर्व के स्थान पर हमें आज ही फिर से गुलामी की ओर ले जाने वाली बात होती। आपही देखिये मुसलमानो के आंकड़े कितने तर्कसंगत हैं। वह कितने प्रेक्टिकल (व्यवहारिक) हैं।

सितम्बर माह, सन् २००० को मैं कालका मेल से इलाहाबाद आ रहा था। अलीगढ़ में जालीदार गोल टोपी लगाये लगभग ८-१० मुस्लिम युवक आकर मेरे पास बैठ गये। जो आपस में बातें करते-करते चंदन तस्कर वीरप्पन द्वारा कन्नड़ अभिनेता राजकुमार के अपहरण और कर्नाटक तथा तमिलनाडु सरकारों द्वारा वीरप्पन के सामने आत्मसमर्पण करने आदि पर बोलने लगे। शायद मेरे कपड़ों को देखकर ही उन्होंने बात-चीत को व्यंग (लेकिन कड़वे सच) का रूप दे दिया था। वह कहने लगे कि अगर एक बहादुर मुसलमान बुर्जुग सुप्रीम कोर्ट में वीरप्पन के विरोध के लिये आगे न आते तो दोनों सरकारें नंगी होकर वीरप्पन से.....(न लिखने लायक)....को तैयार खड़ी थीं। अरे ! हिन्दू सदैव से डरपोक, समझौतापरस्त, असंगठित और दब्बू रहे हैं। उनकी बुजदिली का यह आलम रहा है कि खतरा देखकर वे धोती खोलकर भागते रहे हैं। (ऐसा कहकर सभी ठहाका लगाते हैं)। अधिकांश मुसलमानों की आदत है कि वह हिन्दुओं के बीच उनके विरुद्ध स्पष्ट बोल देंगे। उन्हें इसकी परवाह नहीं रहती कि हिन्दू बुरा मानेंगे।

हिन्दुओं को जाति के नाम पर अल्लाह लड़ा रहा है

हिन्दुओं में जाति के नाम पर जो आपसी फूट व जलन है। इस पर मुसलमान कहते हैं कि ये तुम नहीं लड़ रहे, बल्कि तुमको अल्लाह लड़ा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में तुम सब हिन्दू आपस में इतना लड़ो कि मुसलमान

चुनाव जीत कर हिन्दुस्तान में फिर से राज करने लगें। क्योंकि काफिर हिन्दुओं का काम है गुलामी करना और मोमिनो (मुसलमानों) का काम है उन पर राज करना। अल्लाह को यह पसन्द नहीं कि काफिर हिन्दू, मोमिनों (मुसलमानो) पर राज करें। वास्तव में तुम हिन्दुओं को राज करना नहीं आता। तुम लोग शुक्रिया करो अंग्रेजों का, जिन्होंने यह राज, हम मुसलमानों से छीन कर, तुम हिन्दुओं को दे दिया। लेकिन अल्लाह ने चाहा, तो यह तुम्हारे पास टिकने वाला नहीं हैं। अल्लाह की गैबी ताकत (अदृश्य ताकत) से हम भारत में फिर से राज पाने की ओर बढ़ रहे हैं। इन्शाअल्लाह बहुत जल्द वह दिन आयेगा, जब इस्लाम का झंडा पूरे हिन्दुस्तान पर लहरायेगा।'' मैं यहाँ पर हिन्दुओं को पुनः सावधान कर रहा हूँ कि यह सोंच कुछ मुसलमानों का नहीं, बल्कि आम मुसलमानों का है।

एक बार इलाहाबाद के शाहगंज मोहल्ले में कुछ मुसलमानों ने जो हमारे साथ एंग्लो बंगाली इण्टर कालेज में पढ़े भी थे, भगवान् श्रीराम के विरुद्ध कहना शुरू किया। मेरे विरोध करने वा उठ कर चल पड़ने पर वह व्यंग से बोले, ''त्रिपाठी जी आप नाराज क्यों होते हो, राम तो ठाकुर थे, आप ब्राह्मण हो।'' मुसलमानों का यह व्यंग जातिवादी हिन्दुओं व जाति की राजनीति करने वाले नेताओं के लिये खतरनाक चेतावनी है। ऐसे बेशर्म हिन्दुओं व नेताओं को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिये।

दलित, महान् हिन्दू हैं

हिन्दुओं के बीच भंगी, मेहतर, चूहड़, हेला, बाल्मीकि और हलालखोर आदि कहे जाने वाले हिन्दुओं के पुरखे क्षत्रिय थे जो मुसलमान बादशाहों द्वारा मैला उठाने वाले बना दिये गये। (देखें अमृतलाल नागर की पुस्तक 'नाच्यो बहुत गोपाल') मुसलमान धर्म स्वीकार न करने के कारण मुसलमान बादशाहों ने उन्हें रोज-रोज अपमानित करने के लिये उनसे अपना तथा अपनी हजारों बेगमों, रिस्तेदारों, दरबारियों, सेनापतियों और अन्य प्रभावशाली मुसलमानों के घरों का मैला उठवाना शुरू कर दिया। जिससे कि वह टूटकर हिन्दू धर्म को छोड़कर, मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लें। धन्य हैं वे जिन्होंने इसके बाद भी अपना धर्म नहीं छोड़ा। उन पर इससे भी बड़ा अन्याय यह हुआ कि अपने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिये यह सब करने के बाद भी, वे अपने ही धर्म में अछूत बना दिये गये।

सभी हिन्दुओं के सामने चुनौती भरा प्रश्न है कि इस देश में मुसलमानों के शासन काल में जब सभी हिन्दुओं पर भयानक अत्याचार हो रहे थे, तब आज के हरिजनों के पुरखों ने ऐसा जुल्म क्यों सहा और किसके लिये सहा ? क्या उस धर्म के लिये जिसमें उन्हें कोई स्थान प्राप्त नहीं था, उन्हें छू लेना तक पाप था। वेदों को वह पढ़ नहीं सकते थे, सुन नहीं सकते थे, मंदिरों में घुस नहीं सकते थे। इसके बाद भी हिन्दू बने रहने के लिये मुसलमानों के अत्याचार सहते रहे, साथ ही अपने धर्म के हिन्दुओं का अन्याय भी।

धर्म के लिये इससे बड़ी तपस्या और क्या हो सकती है ? अपने धर्म की रक्षा के लिये इतनी बड़ी तपस्या करने वाले ऐसे महान तपस्वी लोग निश्चित रूप से स्वर्ग की शोभा बढ़ा रहे होंगे।

हिन्दू धर्म के लिये इतना कष्ट सहने वालो ! मैं आपको तथा आपकी सन्तानों को करोड़ो बार प्रणाम करता हूँ। मैं उनको व उनकी आज की सन्तानों के लिये हरिजन या दलित शब्द के स्थान पर महान् हिन्दू शब्द का प्रयोग करूँगा, क्योंकि वह इसी सम्मान के अधिकारी हैं। कितना बड़ा त्याग और तपस्या की थी, इन महान् हिन्दुओं ने अपने धर्म को बचाने के लिये। लेकिन मैं ऊँचा हूँ, ऐसी झूँठी शान में जीने वाले कुछ हिन्दुओं ने उन्हें अपमानित ही किया जिनका इतिहास सूर्य की तरह चमक रहा है, वह अछूत बना दिये गये। जिस धर्म की उन्होंने रक्षा की, उसी धर्म से उन्हें दूर रखने की मूर्खतापूर्ण कोशिश की गयी।

इसलिये इन महान् हिन्दुओं को छोटी जाति का नहीं, अपना प्रिय हिन्दू भाई समझो। जो त्याग और तपस्या उनके पुरखों ने हिन्दू धर्म के लिये की, उस कारण उनकी महानता को सच्चे हृदय से मानो। आज प्रत्येक हिन्दू नौजवान के लिये यह सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक एवं धार्मिक कर्त्तव्य है, जो दूसरे शब्दों में अपने भविष्य की रक्षा का प्रयास है। अब हर जाति के हिन्दू, अपनी जाति केवल शादी ब्याह तक ही सीमित रखें। उसके बाद जाति को भूलकर केवल हिन्दू रहें। आपस में किसी भी प्रकार के मतभेद से दूर रहें। इस कार्य की शुरुआत सबसे पहले ब्राह्मण जाति के नवयुवक ही करें।

हिन्दुओं की मूर्खता का मुसलमानों के राज में कट्टर मुसलमानों ने खूब फायदा उठाया। जो हिन्दू, मुसलमान बनने के बजाय अपनी गर्दन कटवाने के लिये तैयार थे, उनको सामाजिक प्रताड़ना देकर मुसलमान बनने को मजबूर करने के लिये उनके हाथ-पैर बाँधकर, मुसलमान सैनिक उनके मुँह में जबरजस्ती गाय का खून लगा देते थे। इस प्रकार के बेबस व निर्दोष हिन्दुओं को धर्म के कुछ स्वयंभू ठेकेदारों के कहने पर हिन्दू समाज से बाहर कर शेष हिन्दू समाज उनसे बेटी रोटी का सम्बन्ध तोड़ लेता था। इस तरह उन्हें मजबूरन मुसलमान बनना पड़ता था। इस तरह बने मुसलमान बहुत कट्टर, हिन्दू विरोधी होते थे।

मूल वैदिक धर्म में ढपोरशंख घुस जाने के बाद से हिन्दू अव्यवहारिक और विवेकहीन होकर मूर्खतापूर्ण ढंग से विचित्र व्यवहार करते रहे। जो आज भी उससे अधिक विकृत रूप में जारी है। केवल हिन्दू धर्माचार्य ही इसे दूर कर सकते हैं।

कुछ लोग कहेंगे कि यदि ये सब बातें हिन्दू धर्म से हट जायेंगी, तो धर्म खतम हो जायेगा। जबकि सच्चाई यह है कि ऐसे लोग खुद ही भटके हुये हैं और इन लोगों ने मूल वैदिक धर्म का भोजन कर लिया है। मैं कहता हूँ कि अगर हिन्दुओं के बीच यह सब बुराइयाँ रहेंगी, तो धर्म खत्म हो जायेगा। आज हिन्दू धर्म और समाज की रक्षा के लिये हमें जातिवाद की बलि चाहिये, ऊँच-नीच और

छुआछूत की बलि चाहिये, झूठे चमत्कारों वाली धार्मिक किस्सा-कहानी व चमत्कार देखने की इच्छा की बलि चाहिये। मुसलमान तो चाहते ही हैं कि ऊँची जाति वाले? हिन्दू जितना अधिक से अधिक इन महान् हिन्दुओं (हरिजनों) को दुत्कारें उतना ही अच्छा है। क्योंकि इससे हिन्दू समाज में फूट पैदा होगी। इस फूट का फायदा उठाकर उनके लिये भारत को मुसलमानी देश बनाना आसान हो जायेगा। इसलिये जाति की लड़ाई लड़ने वाले या जाति के नाम खुश होने वाले हिन्दू अपने हाथों अपनी चिता सजा रहे हैं जिसमें मुखाग्नि हिंसावादी मुसलमान देंगे।

हिन्दू एकता ही एकमात्र विकल्प

इसलिये अब भेद और फूट पैदा करने वाली बातों को छोड़ कर केवल हिन्दू के नाम पर एक होकर एक शक्तिशाली समाज बनायें। क्योंकि एकता ही जीवन है और फूट मृत्यु है। जब हिन्दू एक होकर शक्तिशाली होगा, तभी देश ऊपर उठेगा और सच्ची धर्मनिरपेक्षता स्थापित होगी। इसलिये बन्द करो यह जाट, जाटव जैसी लड़ाइयाँ या ब्राह्मण महासभा, क्षत्रिय महासभा, वैश्य महासभा, जाट महासभा, यादव महासभा, पटेल महासभा, रविदास महासभा या पासी महासभा जैसे जाति के नाम पर बने संगठन। ये तुम्हारे द्वारा, अपने लिये खोदे गये मौत के कुएँ हैं, जिसमें तुम आज नहीं तो कल जरूर गिर पड़ोगे।

हम, हिन्दू-मुस्लिम एकता के समर्थक हैं, लेकिन

कुछ लोग कह सकते हैं कि आप, हिन्दू-मुस्लिम एकता की बात कर देश को शक्तिशाली बनाने की बात क्यों नहीं करते ? इसका जवाब है कि हम, हिन्दू-मुस्लिम एकता के समर्थक हैं। लेकिन मुस्लिम धर्म इस्लाम का मूल सिद्धान्त ही हिन्दू-मुस्लिम एकता के विरुद्ध है। (कुरआन के अनुसार) मुसलमानों के खुले दुश्मन काफिर हिन्दुओं के विरोध पर ही इस्लाम की नींव है। इसलिये सच्ची हिन्दू-मुस्लिम एकता, मुसलमानों की तरफ से तब तक नहीं हो सकती, जब तक कि सभी काफिर हिन्दू, हिन्दू धर्म (कुफ्र) को छोड़कर, मुसलमान नहीं बन जाते। इसलिये आज की यह दिखावटी, हिन्दू-मुस्लिम एकता कभी भी सच्चाई में नहीं बदल सकती।

क्या दलित आर्य नहीं हैं ?

इस झूठे प्रचार से बचो कि भारत में आर्य बाहर से आये या दलित आर्य नहीं, अनार्य हैं। (अत्यन्त ठोस तर्कों के लिये देखें श्री रमेश दत्त मिश्र द्वारा लिखित एवं हरिओम पब्लिकेशन ४/१, बाई का बाग, इलाहाबाद द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'मैं कौन हूँ ?' तथा डा० सम्पूर्णानन्द की पुस्तक 'आर्यों का आदि देश') यह प्रचार हिन्दू समाज को तोड़ने का भयानक षड़यन्त्र है। आर्य इसी देश के मूल निवासी थे। यहीं से वह फारस आदि देशों को गये, न कि वहाँ से यहाँ आये तथा सभी दलित श्रेष्ठ आर्यों की सन्तान हैं।

राष्ट्रवादी मुसलमान क्या करें ?

इस देश के राष्ट्रवादी मुसलमानों को चाहिये कि वे हिं...

को हिंसा का रास्ता छोड़ने के लिये प्रेरित करें, जिससे उनका तथा इस देश का विकास हो सके। हम चाहते हैं कि इस देश के मुसलमान राष्ट्रवादी बने, कट्टरवादी और पाकिस्तानवादी मुसलमानों के बहकावे में न आवें। हिन्दुओं के साथ मिलकर प्रेम से रहें। इसी में हिन्दू और मुसलमानों दोनों की भलाई है। परन्तु दुर्भाग्य है कि पाकिस्तान द्वारा भ्रमित किये जा रहे मुसलमान, राष्ट्रवादी मुसलमानों की बातें सुनने को तैयार नहीं हैं।

हिन्दू अपना बचाव क्यों न कर सके ?

जाति, भाषा, प्रान्त और अनेक धार्मिक मतों के आधार पर मूर्खतापूर्ण ढंग से बँटे, असंगठित और बिखरे हुए करोड़ों हिन्दू, पूरी तरह से संगठित व धर्म के लिये मरने मिटने वाले अतिउत्साही ४०-५० हजार मुसलमान सैनिकों का मुकाबला न कर सके। हिन्दू इसी प्रतीक्षा में बैठे रहे कि ईश्वर का अवतार होगा, जो इन अत्याचारियों का विनाश करेगा। लेकिन न तो ईश्वर का अवतार हुआ, न ही अत्याचारियों का विनाश। अत्याचारों का मुकाबला करने के स्थान पर हिन्दू उन्हें एक हजार साल तक सहन करते रहे। क्योंकि उन्हें सर्वधर्म समभाव, वसुधैवकुटम्बकम्, क्षमा वीरस्य भूषणम् और अव्यवहारिक अहिंसा तथा सहिष्णुता जैसे सतयुगी उपदेश दिये जाते रहे। इसी सहनशीलता या सहिष्णुता और क्षमा के कारण उन पर और अधिक क्रूरता से अत्याचार किये जा रहे हैं। उनके लोकतांत्रिक और मानवाधिकार नष्ट किये जा रहे हैं। संसार की किसी भी कौम ने एक हजार साल लम्बी गुलामी और इतने भयानक अत्याचारों को नहीं झेला, जितना अभागे हिन्दुओं ने झेला।

फिर भी उनमें से कुछ बेशर्मी से कहते हैं कि सहिष्णुता और अहिंसा हमारी परंपरा रही है। अरे मूर्खो ! सहिष्णुता और अहिंसा का अर्थ यह नहीं है कि अपने हाथों अपनी बहन बेटियों और पत्नियों की इज्जत लुटवाने का इंतजाम किया जाये। अपनी गरदने कटवाने की रूपरेखा खुद तैयार की जाये और प्रेमपूर्वक गुलाम बन जाया जाये तथा इस अहिंसा और सहिष्णुता के नाम पर अत्याचारियों को अपने ऊपर अत्याचार करने की खुली छूट दे दी जाये! अत्याचारों और अत्याचारियों की अनदेखी करना हिंसा को बढ़ावा देना है, जो अहिंसा न होकर, सबसे बड़ी हिंसा है, पाप है।

कुछ हिन्दू तर्क देंगे कि हमारा धर्म विश्व कल्याण की बात करता है। इन लोगों को मेरा जवाब है कि पहले अपने देश और हिन्दू समाज का कल्याण करो, नहीं तो जैसे इतिहास में अपनी रक्षा नहीं कर पाये, तो विश्व का कल्याण क्या करोगे। विश्व का कल्याण केवल सबसे शक्तिशाली, ताक़तवर समाज ही कर सकता है, उदाहरण के लिये जैसे आज अमेरिका है। लेकिन भारत वर्तमान परिस्थितियों में अमेरिका जैसा शक्तिशाली नहीं बन सकता। क्योंकि इस देश का ...नीति रूप से सबसे शक्तिशाली और संगठित मुस्लिम समुदाय, देश को

शक्तिशाली बनाने के स्थान पर, अपने धर्म इस्लाम को शक्तिशाली बनाने में तन, मन और धन से जुटा है।

कुछ हिन्दू कहेंगे कि सर्वे भवन्तु सुखिनः हमारा नारा है। ऐसे हिन्दुओं को मेरा जवाब है कि पहले अपने वैदिक धर्म को जानो, अपने ऋग्वेद को पढ़ो, सर्वे भवन्तु सुखिनः का अर्थ यह नहीं है कि अन्यायियों और अत्याचारियों को भी सुखी बनाया जाये। कुछ हिन्दू कहेंगे कि दयालुता ही हमारा धर्म है। यह कहानी सुनाएँगे कि एक महात्मा जी नदी के किनारे जा रहे थे। उन्होंने देखा कि एक बिच्छू पानी में बहा जा रहा है। महात्मा जी उस बिच्छू को निकालने के लिये पानी में कूद गये। महात्मा जी ने बिच्छू को बचाने के लिये जैसे ही उसे पानी से निकालना चाहा, बिच्छू ने डंक मार दिया। डंक मारने से हुये दर्द को सहन करते हुये किसी तरह फिर बिच्छू को निकाला। लेकिन उसने फिर डंक मार दिया, और महात्मा जी दर्द से व्याकुल होते रहे। यह सब घटना एक व्यक्ति देख रहा था। उसने महात्मा जी से पूछा कि इस बिच्छू ने आपको कई बार डंक मारा, फिर भी आप इसे बचा रहे हैं। महात्मा जी ने कहा बिच्छू का धर्म है डंक मारना और मेरा धर्म है, उसकी जान बचाना। बहुत-से हिन्दू यह कहानी सुनकर प्रभावित हो जाते हैं। लेकिन इस तरह की अव्यवहारिक कहानियाँ मानवता को हानि पहुँचाती हैं तथा अत्याचारियों का साथ देती हैं। जो पाखण्डी और झूठे लोगों के द्वारा लिखे गये साहित्य में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने आदेश दिया है कि अपने ऊपर अत्याचार करने वालों को कुचल डालो।

क्या सभी धर्मो का उद्देश्य एक ही है ?

आजकल हमारे कुछ माननीय धर्माचार्य सर्वधर्म समभाव कि बात करते हुए बताते हैं कि सभी धर्मों का उद्देश्य मनुष्यों को सत्य के रास्ते पर लाना ही है। उनके मार्ग अलग-अलग हो सकते हैं। लेकिन उनका लक्ष्य एक ही है। सारे धर्म एक ही सत्य को बताते हैं। एक ही लक्ष्य की ओर ले जाते हैं। सभी धर्म सिखाते हैं कि सभी मनुष्य आपस में प्रेम करें और किसी भी प्रकार की हिंसा से दूर रहें। लेकिन वास्तव में सच्चाई इसके विपरीत है। जैसे कि ईसाई धर्म का कहना है कि केवल ईसाई धर्म ही सच्चा धर्म है। केवल ईसा मसीह को मानने वाले ही स्वर्ग में जायेंगे, देवी-देवता रूपी शैतानों को पूजने वाले नहीं। इस देश में हिन्दू समाज में ही चल रहे अनकों मत भी इसी प्रकार कहते हैं। जैसे-प्रजापति ब्रह्माकुमारी मत कों मानने वाले कहते हैं कि केवल दादा लेखराज जो कि साक्षात ब्रह्मा हैं, को मानने वाले ही स्वर्ग में प्रवेश पा सकेंगे। मुसलमानों के धर्म इस्लाम के अनुसार केवल इस्लाम ही सच्चा दीन (धर्म) है। जिसमें ईमान (विश्वास) लाने वाले मुसलमान ही जन्नत (स्वर्ग) में प्रवेश पायेंगे। देवी-देवता आदि की पूजा करने वाले काफिर अपने देवी-देवताओं सहित नरक में झोंक दिये जायेंगे। देखिये-

कुरआन मजीद में पारः ३, सूरः ३ की ८५वीं आयत में है कि और जो शख्स इस्लाम के सिवा किसी और दीन (धर्म) का तालिब होगा, वह उस से हरगिज कूबूल नहीं किया जायेगा और ऐसा शख्स आखिरत में नुक्सान उठाने वालों में होगा। (अनुवादक-मौ० फ० मो० खाँ सा० जा०, पेज-९३) अर्थात् जो व्यक्ति इस्लाम के सिवा किसी अन्य धर्म को मानने वाला होगा। इसे अल्लाह स्वीकार नहीं करेगा और ऐसा व्यक्ति कयामत (प्रलय) के समय दण्ड पाने के लिये नरक में सदैव के लिये झोंक दिया जायेगा। कुरआन मजीद के पारः २६, सूरः ४८ की २८वीं आयत में है कि वही तो है, जिसने अपने पैगम्बर (मुहम्मद) को हिदायत (की किताब) और सच्चा दीन (धर्म) देकर भेजा, ताकि उसको तमाम दीनों (सभी धर्मों) पर गालिब करे (अनुवादक-मौ० फ० मो० खाँ सा० जा०, पेज-८१९) अर्थात् वही (अल्लाह) तो है जिसने अपने पैगम्बर मुहम्मद को अपने आदेशों की किताब कुरआन और सच्चा धर्म इस्लाम देकर भेजा। जिससे कि इस्लाम धर्म को दुनियाँ के सभी धर्मों पर श्रेष्ठ या विजयी करे।

कुरआन के अनुसार जो लोग कुरआन की आयतों पर ईमान (विश्वास) लाकर, इस्लाम नहीं स्वीकार करते, वे संसार के सबसे बड़े अन्यायी, दोषी और जालिम (अत्याचारी) हैं। अल्लाह इन पापियों को जरूर मजा चखाने वाला है। पारः २१, सूरः ३२ की २२वीं आयत में है कि और उस शख्स से बढ़कर जालिम कौन, जिसको उसके परवरदिगार (अल्लाह) की आयतों से नसीहत दी जाये, तो वह उनसे मुँह फेर ले। हम गुनहगारों से जरूर बदला लेने वाले हैं। (अनुवादक-मौ० फ० मो० खाँ सा० जा०, पेज-६६३) पारः २१, सूरः २९ की ४९वीं आयत में है कि हमारी आयतों से वही लोग इन्कार करते हैं, जो बे-इन्साफ हैं।(अनुवादक-मौ० फ० मो० खाँ सा० जा०, पेज-६३९) अर्थात् अल्लाह का आदेश है कि हमारी आयतों से वही लोग इन्कार करते हैं (अर्थात् मुसलमान बनने से वही लोग इन्कार करते हैं) जो बे-इन्साफ (अन्यायी) हैं। पारः ३०, सूरः ९० के १९वीं और २०वीं आयत में है कि और जो हमारी आयतों के इन्कारी हैं वह उल्टी राह वाले बदबख्त (दुर्भागी) हुए। (९९) उनको आग में मूँद दिया जायेगा। (२०) (अनुवादक-ह० मौ० अ० क० पा० सा०, पेज-६०१) अर्थात् जो लोग मुसलमान बनने से इन्कार करते हैं। वह उल्टे रास्ते वाले (काफिर) दुर्भागी हुए। उनको आग में मूँद दिया जायेगा।

इस्लाम के अनुसार काफिर लोग फसाद (झगड़े) की जड़ हैं। क्योंकि इस्लाम स्वीकार करने से इन्कार करने वाले इन इन्कारियों (मुन्किरों) को सजा देने के लिये मुसलमानों को उनसे युद्ध करना पड़ता है। इस्लाम में मुसलमानों के साथ शान्ति और काफिरों के साथ युद्ध करने का अल्लाह का आदेश है।

सर्वधर्मसमभाव मानने वाले हिन्दुओं ने इतिहास में मुसलमानों द्वारा किये गये भयानक अत्याचारों को क्षमा कर दिया और आजादी के बाद उन्हें राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के पद दिये। पर इन सब उदारताओं के बदले हिन्दुओं पर

पाकिस्तान, बंगला देश और कश्मीर में भयंकर अत्याचार किये गये। ऐसे अति सभ्य हिन्दुओं के लिये मुसलमानों के मौलाना बुखारी जैसे बड़े मौलाना कहते हैं कि हिन्दू जाहिल (असभ्य) थे। मुसलमानों ने ही इस देश में आकर उन्हें सभ्यता सिखायी। उन्हें बोलने का तरीका सिखाया। सच्चाई के विपरीत सोचने और करने वाले, ऐसे मुल्लावादी मुसलमानों से उदारता व प्रेम दिखाकर, उनके मन को जीतना, बालू से तेल निकालने की तरह असम्भव है।

खुद हिन्दुओं की ही गल्ती व उनके दुर्भाग्य से आजादी के बाद से ही यह देश हिन्दू विरोधी ताकतों के प्रभाव में रहा। इस देश में जिसने हिन्दुओं के साथ जितना अधिक अन्याय और विश्वासघात किया, हिन्दुओं ने मूर्खता से उसे उतना ही अधिक सम्मान व पद दिया। नकली धर्मनिरपेक्षता और जातिवाद की आड़ में जो नेता हिन्दुओं को कुचल कर रख देना चाहते हैं, हिन्दू लोग उन्हीं नेताओं को चुनाव में जिता कर अपनी बर्बादी बुला रहे हैं। हिन्दुओं को कुचल देने का सपना देखने वाले मुल्लावादी मुसलमान और ईसाई, हिन्दुओं की नाक के ठीक नीचे अपनी ताकत बढ़ा रहे हैं। लेकिन हिन्दू निश्चिन्त होकर आपस में ही जाति और स्वार्थ के नाम पर लड़कर कमजोर हो रहे हैं। ऐसा करके हिन्दू अपना तथा अपनी संतानों का भविष्य बहुत बड़े खतरे में डाल रहे हैं।

अधिकांश हिन्दू बुद्धिजीवी कायर और चापलूस हैं, इसीलिये पलायनवादी, विश्वासघाती और आत्मघाती हैं। वे अपने समाज को नकली धर्मनिरपेक्षता, अव्यवहारिक अहिंसा और अतिसहिष्णुता की बातें कह कर सुला देते हैं। वे हिन्दू एकता को साम्प्रदायिकता बता कर हिन्दू समाज को तोड़ते रहते हैं। यही लोग हिन्दुओं में आर्य-अनार्य, उत्तर-दक्षिण, पिछड़ा-दलित आदि का जहर भरते रहते हैं। अपनी सारी विद्वता इसी प्रकार के तोड़फोड़ के कामों में लगाते हैं और इसी में आत्ममुग्ध रहते हैं। कुछ लोग हिन्दू-मुस्लिम सद्भावना के लिये पद यात्रायें करते रहते हैं, जिनका परिणाम कुछ नहीं निकलता। पहले भी भारत में हिन्दू लुटता रहा, कटता रहा, मंदिर टूटते रहे, हिन्दू नारियों की लाज लुटती रही। पर अधिकांश हिन्दू विद्वान केवल आत्मा-परमात्मा की ही बातें करते रहे। विश्व प्रसिद्ध इतिहासकार श्री. एर्नाल्डटायनबी कहते हैं कि जब कोई समाज अति सभ्य हो जाता है, तो कोई बर्बर समाज आकर उसे निगल जाता है। हिन्दू समाज के साथ यही हुआ और होने वाला है। अधिकांश हिन्दू शासक (नेता), प्रशासन और पुलिस के अधिकारी, बुद्धिजीवी, साहित्यकार, फिल्म निर्माता, निर्देशक व कलाकार और बड़े उद्योगपति तथा व्यापारी अपने कुछ न कुछ स्वार्थ के कारण हिन्दू विरोधी हैं। यह लोग हिन्दू समर्थन को पिछड़ापन और हिन्दू विरोध तथा मुस्लिम व ईसाई समर्थन को प्रगतिशीलता मानते हैं। ऐसे लोग आत्म-मंथन करें कि वह आत्महत्या के समान कितना खतरनाक खेल, खेल रहें हैं।

इस देश के नकली धर्मनिरपेक्षतावादी बुद्धिजीवी और मीडिया के लोग अपने इस धर्मनिरपेक्षतावाद की सनक तभी तक पूरी कर पायेंगे। जब तक इस देश का शासन हिन्दुओं के हाथों में है। भारत के मुस्लिम राष्ट्र बनते ही शरियत के नाम पर कोड़ों की मार इनकी धर्मनिरपेक्षता गायब कर देगी।

इस देश के नेताओं ने १० नवम्बर, १९९७ ईसाई धर्म प्रचारिका टेरेसा का अन्तिम संस्कार राष्ट्रीय सम्मान के साथ कराया। किसी धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में किसी धर्म विशेष की धार्मिक प्रचारिका के शव को तिरंगे में लपेट कर सेना के जनरलों की मौजूदगी में सेना के तीनों अंगों द्वारा कन्धा देना और टी०वी० से उसका सजीव प्रसारण क्या उचित था ? जब आजतक ऐसी परम्परा नहीं रही, तो केवल टेरेसा के लिये ही ऐसा क्यों किया गया ? यह तो गोरी चमड़ी के प्रति गुलामी की मानसिकता है, जिस पर हमें शर्म आनी चाहिये।

हिन्दुओं की विचित्र मानसिकता

हिन्दुओं पर जो मुसीबते इतिहास में आई हैं, उसके निम्नलिखित कारण हैं- संसार के सर्वश्रेष्ठ वैदिक धर्म को मानने वाले आर्यों की सन्तानें हिन्दू, आज प्रचलित कुछ धार्मिक विकृतियों के कारण ही संसार के सबसे अव्यवहारिक और विचित्र मानसिकता वाले लोग बन चुके हैं।

हिन्दू मानसिकता	मुस्लिम मानसिकता
● सर्वधर्म समभाव और ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' मानने के कारण हिन्दू सारे विश्व को अपना भाई मानता है।	● मुसलमान, मुसलमानो को अपना भाई तथा काफिर हिन्दुओं को अपना शत्रु मानता है।
● हिन्दू शत्रु को भी मित्र मानता है (जो मूर्खता है)	● मुसलमान शत्रु को केवल शत्रु मानता है। शत्रु के साथ किसी प्रकार का समझौता उन्हें स्वीकार नहीं।
● हिन्दुओं के धर्म और हिन्दू समाज की रक्षा के लिये जो लोग आगे आते हैं, हिन्दू उनकी धन से मदद नहीं करते। उनका उत्साह बढ़ाने के स्थान पर उन्हें साम्प्रदायिक कहते हैं।	● मुस्लिम समाज के लिये जो लोग काम करते हैं, मुसलमान उन्हें अपने सिर और आखों में बैठाकर उनकी धन से खूब मदद करते हैं, साथ ही उनका उत्साह भी बढ़ाते हैं।
● हिन्दुओं में वोट डालने के लिये	● मुसलमान वोट डालने के लिये और

और अपने सच्चे हितैषी नेता का चुनाव करने के लिये उत्साह नहीं होता।	अपने हितैषी नेताओं का चुनाव करने के लिये सदैव बहुत सतर्क और उत्साहित रहते हैं।
● एक हिन्दू दूसरे हिन्दू का सहयोग नही करता।	● एक मुसलमान दूसरे मुसलमान का सदैव सहयोग करने को तैयार रहता है।
● हिन्दू मन्दिर तो जगह जगह बनाते हैं, लेकिन विधर्मियों से उनकी रक्षा नहीं करते।	● मस्जिदों की रक्षा के लिये मरने मिटने को तैयार रहते हैं।
● त्योहारों में धनी हिन्दू लोग गरीब हिन्दुओं की मदद नहीं करते।	● त्योहारों में धनी मुसलमान खाने पीने की चीजें, कपड़े आदि से गरीब मुसलमानो की मदद करते हैं।
● हिन्दू अपने यहाँ होने वाले धार्मिक कार्यों में अपने ही दलित हिन्दू भाइयों को नहीं आने देते। दलित जब तक हिन्दू रहेगा तब तक उसे बराबर नहीं बैठने देंगे। लेकिन धर्म परिवर्तन कर यदि वह मुसलमान या ईसाई बन जाये, तो उसे बराबर बैठने देंगे (यह हिन्दुओं की धर्म के प्रति गद्दारी है।)	● शादी ब्याह को छोड़कर खानपान और धार्मिक कार्यों में एक मुसलमान दूसरे मुसलमान से कोई भेदभाव नहीं करते।
● कोई ईसाई या मुसलमान यदि हिन्दू बन जाये तो हिन्दू समाज उसे स्वीकार नहीं करता। उससे अछूत का व्यवहार करता हैं, रोटी बेटी का सम्बन्ध स्थापित नहीं करता। इसीलिये दूसरे धर्म वाले लोग हिन्दुओं के धर्म को स्वीकार करने में हिचकिचाते हैं। यहाँ तक कि हिन्दू से मुसलमान बना व्यक्ति भी यदि वापस हिन्दू बनना चाहे, तो हिन्दू उसे अपनी जाति में वापस नहीं लेते। इसी कारण बहुत से	● किसी भी धर्म को मानने वाला व्यक्ति यदि मुसलमान धर्म स्वीकार करे, तो मुसलमानों के समाज में उसका बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया जाता है। मुसलमान बने हिन्दू की जाति के स्तर के मुसलमान उसे अपनी बेटी देने में प्राथमिकता देते हैं, इसे बड़ा ही सबाब (पुण्य) का काम समझते हैं। इसीलिये वह पूरे संसार में बड़ी तेजी से बढ़े।

मुसलमान अपने पुरखों के धर्म में वापस आना चाहते हुए भी बेटी रोटी का सम्बन्ध न बन पाने के कारण नहीं आ पाते।	
● एक हिन्दू पिटता है, तो दूसरे हिन्दू तमाशा देखते हैं या दरवाजे बन्द कर लेते हैं।	● मुसलमान दूसरे मुसलमान की मदद के लिये तुरंत दौड़ पड़ते हैं। किसी भी देश के मुसलमानो पर संकट आने पर सारी दुनिया का मुसलमान गुर्राने लगता है।
● आपस में लड़ते हैं और दूसरे धर्म वालों के हिन्दू विरोधी कार्यों पर ध्यान नहीं देते, उदासीन रहते हैं।	● आपस में तो लड़ते हैं, लेकिन दूसरे धर्मवालों विशेषकर काफिर हिन्दुओं के विरुद्ध तुरंत एक हो जाते हैं।
● पूजापाठ, कथा, भागवत कराके, मंदिर, धर्मशाला, स्कूल और अस्पताल बनवाकर हिन्दू सोचते हैं कि धर्म का काम पूरा कर लिया, खूब पुण्य कमा लिया, इसी को वह धर्म समझते हैं। धर्म और समाज की रक्षा को धर्म का कार्य नहीं समझते और न ही इसके लिये धन देते हैं, जबकि यह सबसे बड़ा पुण्य का काम है।	● अपने धन को अपने समाज की मजबूती व रक्षा के लिये दिल खोलकर खर्च करते हैं, इस योजना के साथ कि हम मजबूत होकर इस देश का राज फिर पा सकते हैं।
● गाँधी जी के तीन बंदरो की तरह हिन्दू न तो खतरों को देखना चाहता है, न सुनना चाहता है और न मुकाबला करना चाहता है। खतरा आने पर वह देवी-देवता या दूसरों का सहारा देखने लगता है। जैसे कि आज कल सोंचता है कि अमेरिका बचा लेगा। दूसरों के सहारे रहने वाले लोग सदैव पिट जाते हैं।	● मुसलमान खतरों को सावधान होकर देखते हैं, बड़े ध्यान से सुनते हैं और जब खतरा आ जाता है, तो मधुमक्खियों की तरह तुरन्त सतर्क होकर आक्रामक हो जाते हैं।
● हिन्दू नौजवान फिल्म और क्रिकेट	● अपने धर्म और समाज की बातों में

की बात करते हैं, लेकिन अपने धर्म और समाज की बातों में रूचि नहीं लेते।	अन्य विषयों की अपेक्षा बहुत अधिक रूचि रखते हैं।
● हिन्दू वसुधैवकुटुम्बकम्(विश्वबन्धुत्व) की बात करते हैं, जो भारत की वर्तमान परिस्थितियों में अव्यवहारिक है और हिन्दू एकता को कमजोर करती है।	● मुसलमान धर्म बन्धुत्व की बात करते हैं, जो उनको मजबूत करती है।
● हिन्दू पढ़ लिखकर धर्मनिरपेक्ष हो जाता है और कुछ लोगों की वाहवाही लूटने के लिये धर्मनिरपेक्षता का खुला प्रदर्शन करता है।	● मुसलमान पढ़लिखकर और कट्टर हो जाता है। लेकिन पढ़ा लिखा मुसलमान कट्टरता का प्रदर्शन नहीं करता, इस चालाकी के कारण कि हिन्दू असावधान रहें।
● हिन्दू भाग्य और भविष्यवाणियों पर विश्वास करने के कारण अकर्मण्य हो जाते हैं।	● भाग्य और भविष्यवाणियों पर विश्वास करने के बजाय, वह कर्म से भाग्य को बनाते है तथा कुरआन की भविष्यवाणियों को खुद अपने कर्मों से सत्य करते हैं।
● नये नये देवता रोज बनाते रहते हैं, कब्रों की पूजा करते हैं, धर्म को मनोरंजन के रूप में लेते हैं।	● ऐसा सपने में भी नहीं करते, केवल अपने धर्म पर विश्वास करते हैं। अपने धर्म और अल्लाह के डर से काँपते हैं। धर्म के प्रति समर्पित हैं।

कुछ लोग कह सकते हैं कि हमें इससे क्या मतलब कि कोई क्या कर रहा है ? हम दूसरे की नकल क्यों करें ? इनको जवाब है कि यदि उनको आपसे कोई मतलब न होता, तो आपको भी उन्हें देखने की जरूरत नहीं थी। लेकिन जब किसी का धर्म आपको, अपना सबसे बड़ा धार्मिक दुश्मन मान रहा हो, आपको नष्ट करना ही उनका लक्ष्य हो, तब आपको देखना पड़ेगा कि वह क्या कर रहे हैं ? उनकी मजबूती का राज क्या है ? उनकी आक्रामकता कैसी है और क्यों है ? तथा उनकी योजना क्या है ? उनकी अपेक्षा हममें कौन-कौन सी कमजोरियाँ हैं ? और इस सबकी जानकारी के लिये हमें अपनी तुलना उनसे करनी पड़ेगी। ऐसा किये बिना, हम भविष्य में सुरक्षित नहीं रह सकते।

हजार वर्ष की गुलामी के कारण हिन्दुओं में सामंतशाही, दलितदमन,

कायरता, आत्महीनता, स्वार्थ व ईर्ष्या उत्पन्न हो गई है। आजादी के बाद धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हिन्दुओं का गला घोटा गया, उन्हें भयंकर मानसिक यातना दी गई। इससे वे और अधिक कायर हो गये हैं तथा अन्याय के सामने घुटने टेक देते हैं। उन्होंने हजार वर्ष की गुलामी से कोई सबक नहीं सीखा। शादी विवाह में हिन्दू करोड़ों खर्च करता है पर समाज की रक्षा के लिये कुछ भी नहीं देता। इन सब कारणों से हिन्दू इतिहास में बारबार गुलाम हुए और भविष्य में भी होंगे।

६० वर्ष का हिन्दू, असहाय बूढ़ा ?

आज हिन्दू ६० वर्ष के होते ही अपने को बूढ़ा असहाय मान लेते हैं। वह सोचते हैं कि अब हमारी उम्र पूरी होने को है। दुनियाँ में क्या हो रहा है। अथवा क्या होने वाला है ? इसे वह केवल सुन लेते हैं, लेकिन उससे मतलब नहीं रखते। यह अकर्मण्यता धर्म संगत नहीं है। यह पृथ्वी कर्म-भूमि है, यहाँ रहने रहने वाले मनुष्य को अन्तिम समय तक धर्म और समाज के प्रति संवेदनशील और कर्मशील रहना चाहिए। यही श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान् श्रीकृष्ण का आदेश है। यही ऋषियों-मुनियों की शिक्षा है। गीता सार के नाम से कुछ कलेण्डर मैंने देखे हैं, जो गीता में भगवान् के आदेशों के विपरीत हैं। गीता में भगवान् के आदेश संसार के प्रति उत्साह और सक्रियता पैदा करते हैं तथा साहस को बढ़ाते हैं। व्यक्ति को आशावादी और कर्मशील बनाते हैं। लेकिन उपरोक्त गीता सार संसार के प्रति उदासीनता उत्पन्न करने वाला, निरुत्साहित करने वाला और व्यक्ति को निराशावादी तथा अकर्मण्य बनाने वाला है। हिन्दुओं को ऐसे ज्ञान से बचना चाहिये।

हिन्दू क्या करें ?

अब प्रश्न यह उठता है कि हम सब को अपने बचाव के लिये क्या करना चाहियें ? इसके लिए श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं कि केवल ईश्वर अथवा भाग्य के सहारे बैठ कर अकर्मण्यता न कर। अत्याचारियों से मुकाबला किये बिना तू अत्याचारों से बच नहीं सकता। इसलिये तू सदैव ईश्वर का स्मरण करते हुये युद्ध भी कर। (कर्म भी कर)

तस्मात्सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर युध्यच।

लेकिन हम हिन्दुओं ने भगवान् के इस आदेश को नहीं माना और अत्याचारों का मुकाबला करने के स्थान पर अत्याचारों को सहना ही अपना धर्म बना लिया। इसी अव्यवहारिक अहिंसा और अतिसहनशीलता या अतिसहिष्णुता को हमारी कमजोरी व डरपोकपन समझकर हम पर और अत्याचार किये गये। गीता में भगवान् ऐसी अहिंसा व सहिष्णुता को नपुंसकता कहकर उससे दूर रहने को कहते हैं। जब अर्जुन कहता है-

यदि माम प्रतीकारमशस्त्रं शस्त्रपाणयः।
धार्तराष्ट्राः रणे हन्युस्तन्मे क्षेमतरंभवेत्।।

हे कृष्ण ! मुझ निहत्थे और युद्ध न चाहने वाले अहिंसक को अगर हथियार

लिये हुये धृतराष्ट्र के पुत्र मार भी डाले, तो वह मरना भी मेरे लिये कल्याणकारी होगा। इस पर भगवान् कहते हैं-

क्लैब्यं मा स्म गमः पार्थ नैतत्त्वय्युपपद्यते।

ऐ अर्जुन ! नपुंसक मत बन, यह तेरे लिये शोभा नहीं देता। अत्याचारियों का मुकाबला किये बिना, उनके द्वारा मर जाना, स्वर्ग का रास्ता न होकर, नरक का रास्ता है, स्वर्ग तो वीरता से मुकाबला करने वाले वीरों के लिये है।

यदृच्छया चोपमन्नं स्वर्गद्वारम् पावृतम्।
सुखिनः क्षत्रियाः पार्थ लभन्ते युद्धमीदृशम्।।

भगवान् कहते हैं कि-

हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्ग्यं जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम्।

ऐ अर्जुन ! अन्याय के विरुद्ध इन अत्याचारियों से युद्ध करते हुए तू यदि मारा जायेगा, तो स्वर्ग को प्राप्त करेगा अथवा विजयी होकर इस पृथ्वी का भोग करने के उपरान्त स्वर्ग को प्राप्त होगा।

अथ चेत्त्वमिमं धर्म्यं सग्रामं न करिष्यसि।
ततः स्वधर्मं कीर्तिं च हित्वा पापमवाप्स्यसि।।

किन्तु यदि तू इस धर्मयुक्त युद्ध को नहीं करेगा तो अपने धर्म और यश को खोकर पाप को प्राप्त होगा।

तस्मात् त्वं उत्तिष्ठ, यशो लभस्व जित्वा शत्रून् भुङ्क्ष्व राज्यं समृद्धम्।

इसलिये तू उठ ! शत्रुओं का विनाश कर, यश को प्राप्त कर धन-धान्य से पूर्ण राज्य का भोग कर।

लेकिन दुःख है कि हिन्दुओं ने श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान् श्रीकृष्ण के इन आदेशों पर ध्यान नहीं दिया, नहीं तो इस देश का इतिहास कुछ और होता। कुरआन काफिरों का कत्ल करने का आदेश देती है। जबकि गीता निर्दोषों की रक्षा के लिये, अत्याचारियों और अन्यायियों को समाप्त करने के लिये, उनसे मुकाबला करने का आदेश देती है। लेकिन आज के समय में हम यह मुकाबला कैसे करें ? इसके लिये हमें बन्दूक उठाने की जरूरत नहीं है। लोकतंत्र का हथियार वोट है। हम सभी शान्तिप्रिय भारतीयों को एक होकर खूब उत्साह से इसी वोट रूपी हथियार का प्रयोग हिंसावादियों व उनके समर्थक नेताओं और जातिवादियों के विरुद्ध एक जुट होकर करना है। आलस्य को छोड़कर, हर काम को छोड़कर अपने वोट को जरूर डालना है। जिससे ऐसे लोग चुनाव में हार कर सत्ता की ताकत से दूर रहें और वे लोग चुनाव जीतें, जो बिना किसी भेदभाव के सब पर बराबर न्याय करते हुए, देश में शान्ति स्थापित कर सकें। देश को ताकतवर और समृद्धिशाली बना सकें। लेकिन ऐसे लोग कौन हो सकते हैं ? इसका निर्णय बहुत सूझ-बूझ से, नाप तौल कर सामूहिक रूप से लेना होगा।

धर्म की परिभाषा है कि जो धारण करने योग्य हो, वह धर्म है। इस प्रकार

अगर किसी जगह अकाल पड़ा हो और वहाँ का कोई धनी व्यक्ति लाखों रुपये की लागत से मन्दिर बनवाना शुरू करे, तो उसका वह मन्दिर बनवाना उस समय धारण करने योग्य नहीं है अर्थात् धर्म नहीं है। इसी प्रकार शत्रु का हमला होने वाला हो, तब उससे मुकाबला करने की तैयारी करने या अपनी रक्षा की तैयारी करने के स्थान पर यदि कोई बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दे, तो वह धारण करने योग्य कर्म नहीं कर रहा अर्थात् धर्म नहीं कर रहा।

यदि आपके घर में आग लग जाये, तो आप भोजन या पूजा पाठ छोड़ कर पहले अपने को बचाने के लिये आग बुझायेंगे। वैसे ही आज हिन्दू धर्म व समाज पर खतरा आ गया है। अतः अपने अस्तित्व की रक्षा के लिये पहले इस खतरे से निपटना है। पूजा पाठ मन्दिर व धर्मशाला बनाना जैसे कार्य बाद में करना चाहिये।

याद करो कि इतिहास में हम सोमनाथ जैसे बड़े-बड़े भव्य मन्दिर बनवाकर उनमें सोना चाँदी भरते रहे और मुसलमान आकर उन्हें तोड़ कर सब लूट ले जाते रहे। सोमनाथ के मन्दिर में इतना धन था कि उस समय के किसी राजा के पास इतना धन नहीं था। महमूद गजनवी यह सब लूट कर मन्दिर तोड़कर चलता बना। इसी धन से व मन्दिर में लगे हजारों गाँवों की नियमित आय से उत्तम अरबी नस्ल के घोड़ों से युक्त एक विशाल सेना तैयार हो सकती थी। जो मन्दिर की ही नहीं देश, धर्म और हिन्दू महिलाओं की भी रक्षा करती। लेकिन यह धन महमूद को लूटने के लिये इकट्ठा कर रखा गया। उसने इस धन को तो लूटा ही साथ ही इस लूट ने दूसरे मन्दिरों और हिन्दू राज्यों की महिलाओं को भी लुटवाया। क्योंकि लूट के इस धन से महमूद अपने सैनिकों को मालामाल कर देता था, जिससे वह दुगने उत्साह से अगले साल पुनः भारत में लूटमार करने आ धमकते। अतः मन्दिर वहाँ बनाओ जहाँ नहीं हैं, लेकिन मन्दिर बनवाकर यह मत सोंचो कि तुम स्वर्ग चले जाओगे ? स्वर्ग मिलेगा गरीब, बीमार, भूखे की सहायता करने से और अपने धर्म की रक्षा के लिये सहयोग करने से।

निर्दोष लोगों के प्राणों की रक्षा करने से बड़ा धर्म व पुण्य का काम कोई नहीं है। उन स्वार्थी हिन्दुओं को धिक्कार है जो अपने धर्म और समाज की रक्षा के लिये कुछ नहीं करते। गीता के अनुसार ऐसे लोग नरक में जाने वाले हैं। आम ईसाई और मुसलमानो के धनिक वर्ग अपने धर्म और समाज की रक्षा तथा उसे दान देने का कार्य पहले करते हैं। इसी कारण उनके पास हजारों करोड़ रुपये का फंड इकट्ठा है। याद रखो और सदैव याद रखो कि उन लोगों को ईश्वर भी नहीं बचाता, जो स्वयं अपने को बचाने का पूरा प्रयास नहीं करते। हिन्दुओं के साथ यही होता रहा, इतिहास को देखो।

अमेरिका तथा विश्व के सभी शक्तिशाली देश एक ही विश्व प्रसिद्ध सिद्धान्त पर चल रहे हैं कि "निरन्तर सावधानी ही आजादी की कीमत है।" दुर्भाग्य से हिन्दू हमेशा इस ओर लापरवाह रहे। पर यदि अब उन्होंने लापरवाही की, तो उनका

अस्तित्व हमेशा के लिये समाप्त हो जायेगा। यह मत सोंचो कि जैसे पहले बचते रहे, अब भी बच जायेंगे। तब के खतरे से अब का खतरा ज्यादा बड़ा और योजना बनाकर आने वाला है।

इसलिये ऐ हिन्दुओं अगर अपना जीवन, अपना धन, अपना धर्म और अपनी नारियों को बचाना है, अपनी सन्तानों का भविष्य सुरक्षित रखना है तो आज और अभी ईश्वर की सौगन्ध खाकर प्रतिज्ञा करो कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, कच्छ से लेकर आसाम तक हम एक हैं। न हम ब्राह्मण हैं, न क्षत्रिय हैं, न वैश्य हैं, न शूद्र हैं, न हम ऊँच हैं, न नीच हैं, न सवर्ण हैं, न दलित हैं, अब हम केवल हिन्दू हैं। आऽऽवाऽऽज दो,हम एक हैं। हम एक हैं। हम एक हैं। इस तरह एक विशाल हिन्दू वोट बैंक बनावें। आज का सबसे बड़ा पुण्य का कार्य यही है। यह आत्मरक्षा का धर्म है जो सर्वोपरि है। इसी उद्देश्य के लिये निकाल दो हिन्दू समाज से शूद्र या दलित जैसे शब्द, भूल जाओ अव्यवहारिक अहिंसा को, मिटा दो अतिसहिष्णुता रूपी नपुंसकता को और आओ हमारे साथ, 'भारत बचाओ मंच' के साथ, हमें आवश्यकता है आपकी। और याद रखो-

यह गाल पिटे वह गाल बढ़ाओ, यह तो आर्यों की रीति नहीं
अन्यायी से प्रेम अहिंसा, यह तो गीता की नीति नहीं
हे राम बचाओ जो कहता, वह कायर है, खुद अपना हत्यारा है
जो करे वीरता अति साहस, वही राम का प्यारा है
अब अगर गजनवी पैदा हो, या गोरी बनने का सपना हो
निज देश धर्म पर हमला हो, या हिन्दू नारी पर खतरा हो
तो इस देश का हर बच्चा अर्जुन हो, अब अगर गजनवी पैदा हो।

हिन्दुओ ! उस खतरे से डरो, जिससे सब कुछ चला जायेगा

मेरे द्वारा स्थापित किये गये संगठन 'भारत बचाओ मंच', का काम तेजी से पूरे देश में फैलाना है। अगर यह काम जल्दी-से-जल्दी पूरा नहीं कर पाये, तो इस देश के हिन्दुओं को बचाने का काम बहुत ही कठिन हो जायेगा। धन न होने के कारण इतने महत्वपूर्ण कार्य को हम आगे नहीं बढ़ा पा रहे हैं। लेकिन जिस खतरे से हिन्दुओं का सबकुछ चला जाने वाला है, उससे बचने के लिये वह कुछ करना ही नहीं चाहते। आखिर कैसे बचेंगे हिन्दू, क्या उसी चमत्कार से? जिसकी प्रतीक्षा में वह सैकड़ों साल से पिटते चले आये हैं।

अधिकतर हिन्दू यह सोचते हैं कि गीता के अनुसार हिन्दू धर्म की रक्षा के लिये भगवान अवतार लेंगे। पर कलियुग में अवतार नहीं होते। अपनी तथा अपनी सन्तानों के भविष्य और अपने धर्म की रक्षा स्वयं हिन्दुओं को ही करनी होगी। भगवान उसी की रक्षा करते हैं, जो खुद अपनी रक्षा का पूरा प्रयास करते हैं।

माननीय धर्माचार्यों को चाहिये कि अपने उपदेशों में धार्मिक कर्मकाण्ड के साथ ही धर्म रक्षा पर विशेष जोर दें। माननीय धर्माचार्य ही अब इस देश को बचा

सकते हैं। हिन्दू व्यापारी और धनवान लोग आतंकवाद के विरुद्ध जनता को जागृत करने वाले लोगों को बुला बुला कर आर्थिक सहायता करें। यह कार्य प्रत्येक समर्थ हिन्दू का है। समय बहुत तेजी से बीत रहा है कुछ दिनों में बाजी आपके हाथ से निकल जायेगी।

इस कार्य को सुनियोजित तथा संगठित तरीके से चलाने के लिये उत्साही, वीर हिन्दू नौजवान तथा विद्यार्थी अपने-अपने क्षेत्रों में भारत बचाओ मंच का गठन कर रजिस्टर्ड पत्र से उसकी सूचना नीचे लिखे पते पर भेजें, अपना व कार्यसमिति के सदस्यों का पूरा पता भी लिखें।

विदेशों में बसे हिन्दुओं से मेरी अपील !

प्रिय प्रवासी हिन्दू भाइयो,

आपके अपने देश भारत में आने वाले ज़िस संकट की बात मैंने लिखी है उस पर आप सब गम्भीरता से विचार करो। यह न समझो कि हम भारत में नहीं रहते, इसलिये हमें इससे कोई मतलब नहीं है। क्या पता आज नहीं कल आपको वापस अपनी इस मिट्टी से जुड़ना पड़े ? इसलिये अपनी मातृभूमि के लिये भी सोचना तुम्हारा कर्त्तव्य है। इस देश को टूटने, बिखरने और हिंसा से बचा कर शान्ति स्थापित करने के लिये हम सब मिल कर सोचें और करें। ऐसा करने में हम तभी सफल हो सकते हैं, जब हम सभी हिन्दू जो जहाँ भी हैं एक रहें, सतर्क रहें और परस्पर हर प्रकार के सहयोग के लिये सहर्ष तैयार रहें। अपने धर्म और समाज की रक्षा के लिये निरंतर सहयोग करें। गीता के अनुसार यह बहुत पुण्य का कार्य है। विदेशों में रहकर यही सबसे बड़ा धार्मिक कर्त्तव्य है, धर्म सेवा है। मेरी इच्छा है कि विश्व के हिन्दुओं को वह शक्तिशाली, निर्भीक और समृद्धिशाली भारत देखने को मिले, जिस पर वह गर्व कर सकें, जो उन्हें संसार में सम्मान दिला सके।

ॐ शांतिः शांतिः शांतिः

प्रयागराज (इलाहाबाद)
गुरुवार
९ नवम्बर, सन् २०००

उत्प्रेरक
स्वामी लक्ष्मीशंकराचार्य
संस्थापक
भारत बचाओ मंच

पता -भारत बचाओ मंच, पोस्ट बाक्स नं० ०१, इलाहाबाद - २११ ००३
फोन : ०५३२-२५५७१४२ द्वारा प्रकाशित एवं प्रचारित